## शहर में आज

- होटल रामा पैलेस में पूर्व राज्यमंत्री हेमराज वर्मा की प्रेसवार्ता सुबह 11.30 बजे।
- श्रीबालाजी नींव करौरी धाम काशीराम कॉलोनी ईदगाह में दरबार दोपहर 12 बजे।
- जेपी होटल में केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद की प्रेसवार्ता दोपहर 01 बजे।
- सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बीसलपुर में प्रधानाचार्य सम्मेलन सुबह 10 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे की एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सुनगढ़ी थाना पुलिस को दी तहरीर में गांव अटकोना निवासी पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि 22 अप्रैल को उसका भाई सत्यप्रकाश बाइक से पीलीभीत आ रहा था। इस बीच अधकटा गांव का मुनीष दूसरी बाइक से आ रहा था। उसने लापरवाही से बाइक चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे में सत्यप्रकाश घायल हो गया था। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### नामित सभासद की मां का निधन

**बिलसंडा, अमृत विचार :** नगर पंचायत के नामित सभासद विकेश जायसवाल की मां ऊषा जायसवाल का निधन हो गया। वह कई दिनों से बीमार चल रहीं थी। उनके पति राजाराम जायसवाल प्रमुख खाद व्यवसायी हैं। उनके निधन पर नगर पंचायत अध्यक्ष डीके गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, नरेंद्र मोहन सक्सेना, महीप सिंह, राजेश सिंह बबलू, कुलदीप सिंह, अमित जायसवाल, वैभव सक्सेना, अधिवक्ता आशीष सक्सेना, राजेश जायसवाल पंजा, अरविंद अवस्थी, प्रमोद गौतम, वरूण जायसवाल, दलजीत सिंह राजू, रामेंद्र गोस्वामी, सतनाम सिंह, सुमित गुप्ता, ओमप्रकाश शर्मा, आलोक जायसवाल, सुनील शुक्ला, सुधांशु पाराशर, हरिपाल सिंह लोधी, अनुज मिश्रा आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की।


ऊषा जायसवाल।

### युवक की मौत मामले में एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** गांव पचपेड़ा निवासी डालचंद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र लवलेश कुमार 21 अप्रैल की शाम स्कूटी से घर लौट रहा था। रास्ते में उगनपुर पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही स्कूटी खड़ी कर पानी पी रहा था। इस बीच एक बाइक को उसका चालक लापरवाही से चलाता हुआ आया और टक्कर मार दी। जिसमें लवलेश की मौत हो गई। गजरौला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### आध्यात्मिक आंतरिक सत्संग 7 मई से

**पीलीभीत, अमृत विचार :** श्री रामाश्रम सत्संग के तत्वावधान में तीन दिवसीय आध्यात्मिक आंतरिक सत्संग समारोह सात मई से अग्रवाल सभा में होगा। संस्था के राम प्रकाश अवस्थी ने बताया कि सात मई को सत्संग भजन प्रवचन एवं ध्यान शाम सात बजे से रात्रि नौ बजे तक तक चलेगा। आठ मई को सुबह साढ़े आठ से साढ़े दस बजे तक औरशाम को सात से नौ बजे तक होगा। नौ मई को भजन प्रवचन ध्यान के साथ प्रसाद अर्पण सुबह साढ़े आठ बजे से साढ़े दस बजे तक होगा।

# तीन साल बाद भी वही हालात, निर्माण शुरू मगर आफत बरकरार

## निर्माण कार्य के चलते बनाए अस्थायी रास्ते बने हादसे का सबब, डेढ़ से दो घंटे में तय हो रहा 40 किमी का 50 मिनट में पूरा होने वाला रास्ता

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** तीन साल पहले आई बाढ़ में कटी सड़क और पुलियों के बाद माधोटांडा रोड पर खड़ी हुई आवागमन की समस्या का समाधान नहीं हो सका है। लंबे समय तक बजट का इंतजार रहा और अब काम शुरू होने के बाद बरती जा रही लापरवाही परेशानी का सबब बन चुकी है। मुख्य मार्ग पर निर्माण कार्य के चलते आवागमन को बनाए गए अस्थायी रास्तों को बनाने में महज औपचारिकता निभाई गई है। कहीं मिट्टी के ढेर लगा दिए हैं तो कहीं पत्थर बिछा दिए गए। आलम ये है कि एकाध जगह तो खेतों से होकर वाहनों को निकालना पड़ रहा है और वाहन फंसकर रह जाते हैं।

पीलीभीत शहर से माधोटांडा होते हुए पीटीआर (पीलीभीत टाइगर रिजर्व) के मुस्तफाबाद के बुकिंग स्टेशन तक की दूरी करीब 40 किमी के आसपास है। वैसे तो इस मार्ग पर सब व्यवस्थाएं दुरुस्त हो तो दूरी तय करने में 50 मिनट या फिर अधिक से अधिक एक घंटे का समय लगता है। करीब तीन साल पहले मैदानी और पहाड़ी इलाकों में हुई मूसलाधार बारिश के बाद कई जगह बाढ़ के हालात बन गए थे। बाढ़ के पानी के तेज बहाव से सड़कें कट गई और पुलियां भी बह गई थी। जिसके बाद से आवागमन मुश्किल बना हुआ है। तीन साल होने को हैं, लेकिन अभी तक आवागमन की व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो सकी है। लंबे समय तक पहले बजट का इंतजार चलता रहा। इसके बाद बजट आने के बाद काम भी शुरू करा दिए गए हैं। मगर अभी तक आवागमन की समस्या दूर नहीं हो सकी है। माधोटांडा रोड पर जमुनिया खास, कल्यानपुर गांव के पास निर्माण कार्य चल रहे हैं। इसके अलावा माधोटांडा से खटीमा रोड पर मुस्तफाबाद जाने वाले रास्ते पर भी पुलिया का निर्माण चल रहा है। इन सभी स्थानों पर अस्थायी रास्ते आवागमन के लिए तैयार किए गए हैं। मगर, उनकी हालत ऐसी है कि सफर करने के दौरान कब हादसे का शिकार हो जाएं। इसे लेकर कुछ कहा नहीं जा सकता। मिट्टी डालकर गिट्टी पत्थर बिछा दिए गए हैं। इनको समतल तक नहीं किया गया है। जमुनिया खास के पास तो आलम ये था कि मिट्टी के ऊंचे ढेर लगा दिए है। जिसे अस्थायी रास्ते का नाम दे दिया गया है। इन पर तो ट्रैक्टर ट्रॉली तक फंस रही है। चार पहिया वाहनों को निकलने में भी दिक्कत है। नजदीक के खेत से होकर वाहन निकाले जा रहे हैं। उसमें भी कहीं ऊंचाई अधिक तो कहीं निंचाई अधिक होने से वाहन फंस जाते हैं। ई-रिक्शा समेत अन्य सवारी वाहनों के पलटने का डर बना हुआ है। मुस्तफाबाद जाने वाले मार्गपर भी कई जगह गहरे गड्ढे और मिट्टी का ढेर है। अगर आगे वाला बड़ा वाहन तेजी से निकल जाए तो धूल उड़ने के बाद दोनों तरफ से आने वाले राहगीर वाहन का पता ही नहीं लगा सकेंगे। उनके आपस में टकराने का डर रहता है। जिससे राहगीर परेशान है। वहीं, जर्जर होने के बाद माधोटांडा क्षेत्र में दो प्राचीन पुलों पर आवागमन बंद है। इन पर भी काम शुरू नहीं कराया जा सका है।


माधोटांडा खटीमा रोड पर अस्थायी रोडपर एक तरफ फंसा ट्रक, बकाया हिस्से से गुजरता बाइक सवार। ● अमृत विचार


पीलीभीत माधोटांडा रोड पर कल्यानपुर गांव के पास अस्थायी रास्ते के नाम पर लगाया मिट्टी का ढेर में खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉलिया। ● अमृत विचार

### पर्यटकों की भी बढ़ गई परेशानी

पीलीभीत टाइगर रिजर्व का जंगल घूमने के लिए दूर दराज से पर्यटक पहुंचते हैं। अधिकांश पर्यटक मुस्तफाबाद बुकिंग केंद्र से ही जाते हैं। ऐसे में चाहे पीलीभीत से होकर जाएं या फिर पूरनपुर और माधोटांडा से उनको निर्माण कार्य के दौरान बनाए गए अस्थायी रास्ते से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा एक रास्ता गांव की आबादी से होकर गुजरता है, उसमें वाहनों का लोड बढ़ने पर या फिर गांव में किसी घर के बाहर कृषि यंत्र समेत कोई सामान रखा हो तो फंसना तय है। बाइक से गुजरने वाले तो धूल से पट जा रहे हैं।

### रात्रि के वक्त नहीं बरती सावधानी तो हादसा तय

इन जर्जर रास्तों पर सफर दिन के वक्त ही मुश्किल भरा है। मगर रात के वक्त और खतरा बढ़ जाता है। एक तरफ गहरे गड्ढे खोदे गए हैं। उनके किनारे निर्माण सामग्री के ढेर लगे हुए हैं। इसके अलावा रोशनी के भी पुख्ता इंतजाम नहीं है। निर्माण कार्य का पता चल सके, इसके लिए भी कोई बैरियर या रेडियम रिफ्लेक्टर आदि का इंतजाम नहीं है। जिससे मार्ग के बारे में चालक एहसास कर सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूली बच्चों और मरीजों को भी आवाजाही में अधिक परेशान होना पड़ता है।


जमुनिया के पास बनाए गए अस्थायी रास्ते में पत्थरों और धूल के बीच गुजरते राहगीर।

# धूमधाम से निकाली गई बाबा श्याम की निशान यात्रा


निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**बिलसंडा, अमृत विचार :** बाबा श्याम संकीर्तन के उपलक्ष्य में निशान यात्रा धूमधाम से निकाली गई। जिसमें बच्चे युवा और महिलाएं शामिल हुईं। निशान हाथ में लेकर भक्त जय श्री श्याम का उद्घोष करते हुए चल रहे थे।

निशान यात्रा श्रीनिवास कुंज आश्रम से शुरू होकर मुख्य मार्केट, गोला रोड होते हुए वापस आश्रम पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में वासु, अमन, आयुष, कुणाल, राजा, रजत, विनय, शिवांशु, राहुल, विपिन, करन, शुभम, अंशुल, सुनील आदि मौजूद रहे। शाम के वक्त बाबा श्याम के छठवें संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया। अलौकिक श्रृंगार कर इत्र वर्षा और छप्पन भोग लगाए गए। कानपुर से पहुंची शर्मा सिस्टर्स,दिल्ली के रितिक गुप्ता, बरेली की पूजा बाबरी ने बाबा श्याम के भजनों से समां बांध दिया।

# बरात के दिन लड़का पक्ष ने किया इनकार

**बीसलपुर, अमृत विचार :** नगर के एक युवक की पूरनपुर की युवती से शादी तय हुई थी। सोमवार को बरात पूरनपुर जानी थी, लेकिन अचानक लड़का पक्ष ने इन्कार कर दिया। जिसे लेकर लड़की के परिजन बीसलपुर कोतवाली पहुंचे और शिकायत की। पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर वार्ता की लेकिन बात नहीं बन सकी।

नगर के एक युवक की शादी पूरनपुर क्षेत्र की युवती से तय की गई थी। सोमवार को बीसलपुर से पूरनपुर बरात जानी थी। लड़की वालों ने बारात के स्वागत के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली थी। मगर अचानक लड़के के पिता ने कॉल कर लड़की पर कई आरोप लगा दिए और रिश्ते से इन्कार कर दिया।इधर शादी की तैयारी पूरी हो चुकी थी। लड़की पक्ष बीसलपुर पहुंचा और लड़का पक्ष के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर जांच की। दोनों एक दूसरे पर आरोप लगाते रहे।

# चुनाव में देरी पर प्रधानों को ही सौंपी जाए कमान

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- ग्राम प्रधान संगठन ने उठाई मांग जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कई ग्राम प्रधान कलेक्ट्रेट पहुंचे
- प्रधानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा

**अमृत विचार :** ग्राम प्रधानों ने पंचायत चुनाव में संभावित देरी को देखते हुए अपनी मांगों को लेकर आवाज उठानी शुरू कर दी है। राष्ट्रीय पंचायत राज ग्राम प्रधान संगठन के बैनर तले प्रधानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। इसमें कहा गया कि यदि किन्हीं कारणों से पंचायत चुनाव समय पर संपन्न नहीं हो पाते हैं, तो ऐसी स्थिति में वर्तमान निर्वाचित ग्राम प्रधानों को ही प्रशासकीय दायित्व (प्रशासक) सौंपे जाएं।

राष्ट्रीय पंचायत राज ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. सत्यपाल शर्मा के नेतृत्व में जनपद के कई ग्राम प्रधान सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रधानों को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम ज्ञानेंद्र सिंह को सौंपा। ज्ञापन में भारतीय संविधान के भाग 9 और अनुच्छेद 243 के प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि ग्राम पंचायतें स्थानीय स्वशासन की महत्वपूर्ण इकाई हैं और संविधान की मंशा इनके सातत्य को बनाए रखने की है। यदि कार्यकाल समाप्त होने के बाद बाहरी प्रशासक नियुक्त किए जाते हैं, तो यह लोकतांत्रिक ढांचे के विपरीत होगा। कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न निर्णयों में भी यह स्पष्ट किया गया है कि स्थानीय निकायों में निर्वाचित प्रतिनिधियों की भूमिका अनिवार्य है। राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में पूर्व में ऐसी व्यवस्थाएं अपनाई जा चुकी हैं। जब तक चुनाव नहीं होते, तब तक वर्तमान प्रधानों को ही जिम्मेदारी मिलनी चाहिए। प्रधानों का तर्क है कि वर्तमान निर्वाचित प्रतिनिधि ग्राम स्तर की योजनाओं, वित्तीय उत्तरदायित्वों और प्रशासनिक संरचना से भली-भांति परिचित हैं।

किसी बाहरी अधिकारी को प्रशासक बनाने से विकास कार्यों में बाधा आ सकती है। ज्ञापन में ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक नामित करने संबंधी शासनादेश निर्गत करने की मांग की गई। ज्ञापन पर नफासत हुसैन, गंगा प्रसाद, सावित्री देवी, रूपलाल, मुन्नी देवी, रामस्वरुप, गिरीश वंद्र, मोहम्मद जाफर, दिलीप कुमार वर्मा समेत कई अन्य ग्राम प्रधान शामिल रहे।


कलेक्ट्रेट में जिला अधिकारी को ज्ञापन देने जाते ग्राम प्रधान। ● अमृत विचार

# गाजीपुर कांड के विरोध में प्रदर्शन

**संवाददाता, बीसलपुर**

**अमृत विचार :** करण्डा (गाजीपुर) के ग्राम कटरिया में युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की घटना के बाद जानकारी लेने गए सपा कार्यकर्ताओं पर किए गए पथराव की घटना का विरोध किया गया। सोमवार को सपा कर्यकर्ताओं ने नगर में जुलूस निकालकर तहसील पहुंचकर नारेबाजी की और ज्ञापन सौंपा।

समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता नगर कार्यालय पर एकत्र हुए और फिर जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे। प्रदर्शन कर एसडीएम की गैर मौजूदगी में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौपा। जिसमें बताया कि जिसमें गाजीपुर में हुई घटना के बाद जानकारी लेने सपा नेता एवं पूर्व मंत्री रामसरे विश्वकर्मा के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं पर पुलिस की मौजूदगी में पथराव करने का आरोप लगाते हुए निंदा दी।

इस मामले में दुष्कर्म-हत्या के आरोपियों को फांसी की सजा देने, मृतका के परिजनों को उचित मुआवजा व पथराव करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मौजूद पुलिस अफसरों को भी बर्खास्त करने की मांग की। इस मौके पर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष शैलेश शर्मा, मुक्तदिर हयात, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गायत्री गंगवार, हरिपाल सिंह लोधी, केदारनाथ गौतम, बीडी प्रजापति, सुधा यादव, संजीव शंखधार, अभिषेक गंगवार आदि मौजूद रहे।


तहसील पहुंचकर ज्ञापन देते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# सिलेंडर में लगी आग, खोखा जला

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम बरातबोझ निवासी महेंद्र मौर्य का अमरिया रोड पर किनारे खोखा है। जिसमें वह फास्ट फूड बेचने का काम करता है। रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे अचानक खोखे में रखे छोटे सिलेंडर में आग लग गई। आग लगने से खोखा के आगे बनी झोंपड़ी में रखा छोटा गैस सिलिंडर अचानक फट गया, जिससे तेज धमाके के साथ आग की लपटें निकलने लगी। देखते ही देखते आग ने खोखा और उसमें रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और आग पर पूरी तरह से काबू पाया।

# पुरातन छात्रों को बताया स्तंभ, साझा किए अनुभव

- गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरनपुर में हुआ पुरातन छात्र सम्मान समारोह

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरनपुर में पुरातन छात्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसकी शुरुआत प्रबंधक नितिन दिक्षित, प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा, महाविद्यालय प्रबन्ध समिति सदस्य सतेन्द्र सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके कराई।

प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने पुरातन छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पुरातन छात्र हमारे स्तम्भ हैं। छात्रों को अपने कैरियर की ग्रोथ के लिए कभी भी किसी परामर्श की आवश्यकता हो तो महाविद्यालय स्टाफ सहायता को तैयार है। महाविद्यालय के स्थापना के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। प्रबन्धक नितिन दीक्षित ने सभी का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन का आयोजन एक बहुत ही उत्कृष्ट परम्परा है। पुरातन छात्रा ऋचा मिश्रा ने हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया। अर्चना, मनीषा , नूरी बुशरा , मयंक मिश्रा, स्वाभिमान सिंह, आयुष मिश्रा ने विचार व्यक्त किए। डॉ. वीके शर्मा ने पुरातन छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह की समन्वयक तहमीना शम्सी ने पुरातन छात्र को धरोहर बताया। शाहिद खान, डॉ. सौरभ सक्सेना, डॉ. रेखा सिंह, डॉ. पिन्दर सिंह, करीब ढाई सौ विद्यार्थी शामिल हुए।


सम्मानित किए गए विद्यार्थियों संग प्राचार्य डॉ .सुधीर कुमार शर्मा। ● अमृत विचार

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त
सिर्फ अच्छी पढ़ाई का वायदा
शानदार सफलता के लिए अवश्य प्रवेश लें
शेरवुड हायर सेकेण्डरी स्कूल
कक्षा NC से 8 तक इंग्लिश मीडियम | कक्षा 1 से 10 तक हिन्दी मीडियम
1 अप्रैल से प्रवेश प्रारम्भ
विशेषताएं : 1. उच्च शिक्षित एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षण कार्य। 2. छोटे-छोटे बच्चों को लाने तथा ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था 3. सी.सी.टी.वी. कैमरे से मॉनीटरिंग की व्यवस्था 4. सुंदर व हवादार कमरों की उचित व्यवस्था 5. आधुनिक कम्प्यूटर प्रयोगशाला की व्यवस्था 6. स्वच्छ व शांत वातावरण 7. विद्यालय का निजी शानदार भवन 8. प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों को शिक्षा 9 छात्र- छात्राओं के बैठने के लिए बेंचों की सुविधा 10. बोर्ड परीक्षार्थियों को छात्रवृत्ति की सुविधा 11. 100 प्रतिशत विद्यालय में आने पर उपहार में 1 साईकिल 12. सामान्य अध्ययन की भी पढाई कराई जायेगी।
डॉ. नरेन्द्र गंगवार
प्रबन्धक
नन्दराम
प्रधानाध्यापक
9761712928
सरकारी अस्पताल के आगे पिपरा रोड बरखेड़ा कलां, पीलीभीत
सम्पर्क सूत्र : 8899163053, 9536121024, 9759723097

# 50 सीटों के लिए लिटिल एंजेल्स में हुआ ट्रायल


ट्रायल के लिए हुई परीक्षा में शामिल बच्चे। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** लिटिल एंजल्स स्कूल में सत्र 2026-27 के लिए एनसीसी कैडेट्स का ट्रायल सोमवार को हुआ। 50 सीटों के लिए ट्रायल हुआ। छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उनमें देशभक्ति और समर्पण का भाव दिखा।

ट्रायल लेने के लिए एनसीसी हेडक्वाटर यूपी 2025 बटालियन, शाहजहांपुर से कर्नल संग्राम सिंह चीमा, सूबेदार मेजर श्रवनन, सूबेदार सुभाष चौहान और हवलदार शांतनु सामन्ता ने स्कूल का भ्रमण किया और ट्रायल को संपन्न कराया। योजनाबद्ध तरीके से संपन्न कराया गया। मेडिकल, फिजिकल और लिखित परीक्षा कराई गई। बच्चों की ओवरऑल कैपेबिलिटी चेक की गई। प्रधानाचार्य एनसी पाठक का सहयोग रहा। ट्रायल विद्यालय की एनसीसी कोऑर्डिनेटर मोनिका विष्ट, एनसीसी कमांडर्स देवांसी कपूर व प्रथम पांडे का भी योगदान रहा।

# सचिवालय खाली कराने के लिए एसपी को लिखा पत्र

**पीलीभीत, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत करेली में बने सचिवालय के कमरों में बिना अनुमति कुछ पुलिसकर्मियों के रहने की डीएम से हुई शिकायत के बाद डीपीआरओ ने एसपी को पत्र लिखा है। जिसमें अपने स्तर से सचिवालय के कमरों को खाली कराने का आग्रह किया है।

बता दें कि बिलसंडा ब्लॉक के ग्राम पंचायत करेली के वार्ड नंबर 12 के सदस्य कृष्ण कुमार शर्मा ने बीते शुक्रवार को डीएम से शिकायत की थी। जिसमें बताया था कि ग्राम पंचायत में दुर्गा मंदिर के पास ग्राम सचिवालय बना है। इसमें बने कमरों में बिना अनुमति के कुछ पुलिसकर्मी डेरा जमाए हुए हैं। डीएम ने इस मामले में डीपीआरओ को निर्देश दिए थे। अ ब डीपीआरओ रोहित भारती ने एसपी को पत्र लिखा है। जिसमें आग्रह किया गया है कि ग्राम सचिवालय में बिना अनुमति रह रहे पुलिसकर्मियों से कमरों को अवमुक्त कराने के लिए अपने स्तर से कार्रवाई करें।

# बॉलीवाल प्रतियोगिता में गंगा व यमुना हाउस प्रथम

**पीलीभीत, अमृत विचार :** स्प्रिंगडेल कॉलेज में बॉलीवाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सीनियर वर्ग के चारों हाउस गोदावरी, ब्रहापुत्र, यमुना और गंगा ने प्रतिभाग किया।

बालिका वर्ग से कीर्ति, वंदना, शीतल, सायरा, आदित्री पाल, सिमरन, मायरा खान, सहजदीप कौर, पायल, अनन्या, श्रुति, खुशी वर्मा, रहमा, पलक, खुशी वर्मा, अंशिका खुशी, तनु और बालक वर्ग से राज यादव, राजकुमार वर्मा, सौरभ, महजूज, यश, आकर्श, सुखराज सिंह, हर्ष वर्मा, शारिब, देवप्रताप, अन्सव, साहिबे आलम, गौरव कुमार सिंह, मोहम्मद फरजान, फारुँददीन खान, मोहम्मद जुनैद, अंकित सिंह, परिचय गंगवार ने प्रतिभाग किया। बालिका वर्ग में गंगा हाउस और बालक वर्ग में यमुना हाउस प्रथम रहा। प्रधानाचार्या प्रिया आनंद ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उपप्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार यादव ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।


प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे। ● अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### आगजनी और मारपीट की एफआईआर दर्ज

**बिलसंडा, अमृत विचार :** ग्राम रांठ के निवासी कुलदीप सिंह पुत्र अतिराज ने करेली थाने में दी तहरीर में बताया कि 22 अप्रैल को गांव का भंवर पाल सिंह और अमन सिंह ने खेत में आग लगा दी। इसके बाद पीड़ित के मकान में भी आग पहुंच गई। जिसमें दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बारे में जब सवाल किए तो आरोपियों ने धमकाया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### हादसे में ग्रामीण की मौत, रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** ग्राम सिमरा अकबरगंज निवासी कुसुमवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 अप्रैल को उसके पति गिरीश चंद्र बीसलपुर से काम निपटाकर बाइक से गांव लौट रहे थे। जसौली पुलिया के नजदीक पहुंचते ही कार ने टक्कर मार दी। जिसमें पति व उनके चचेरे भाई हरीश कुमार घायल हो गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद गिरीश चंद्र की हालत गंभीर होने पर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। हालत में सुधार न होने के कारण डॉक्टर ने उन्हें बरेली के हायर सेंटर में ले जाने की सलाह दीञ इस पर परिवार वाले बरेली ले जा रहे थे कि मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### डीजे पर डांस करने के दौरान विवाद, मारपीट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** डीजे पर डांस करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई। हमला कर बाइक और कार तोड़ दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जानकारी की। दोनों वाहन कब्जे में ले लिए हैं। नगर के एक बारात घर में रविवार रात वैवाहिक कार्यक्रम चल रहा था। घराती-बराती डीजे पर डांस कर रहे थे। इस दौरान दो पक्षों में डांस करने को लेकर कहासुनी हो गई। कुछ ही देर में दोनों तरफ से मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान एक युवक को पकड़कर पीटा और बाइक तोड़ दी। जबकि दूसरे पक्ष की कार तोड़ी गई। बरात घर में अफरा तफरी मच गई और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ममले की जानकारी की। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि वाहन कब्जे में ले लिए थे। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।


सोमवार को तपती गर्मी में ठेले पर जूस से प्यास बुझाते राहगीर।


गौहनिया चौराहा पर पेड़ के नीचे बैठे होमगार्ड भर्ती की परीक्षा देने आए अभ्यर्थी। • अमृत विचार


गौहनिया चौराहा पर लगा वाहनों का लंबा जाम। • अमृत विचार

# पारा 40 के पार...तपते शहर में इंतजाम ठप, लू ने बढ़ाई परेशानी

## लोड बढ़ने से बिजली व्यवस्था भी चरमराई, लो-वोल्टेज का भी रोना, सड़कों पर न छिड़काव और न ही प्यास बुझाने के इंतजाम, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता,पीलीभीत

**अमृत विचार :** गर्मी ने इस बार अप्रैल में ही तेवर दिखा दिए हैं। पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचते ही तपन बढ़ गई है। प्रशासनिक इंतजाम कागजों तक सीमित रह गए हैं। आमजन लू के थपेड़ों के बीच राहत के लिए तरस रहा है। बढ़ते लोड से बिजली व्यवस्था भी चरमरा चुकी है। लोड अधिक होने से लो-वोल्टेज तो कभी लोकल फाल्ट कटौती की वजह बने हुए हैं। उधर, ट्रैफिक प्लानिंग न होने के कारण तपती धूप में हाईवे से लेकर शहर की सड़कों तक जाम लग रहा है। जिसमें स्कूली बच्चों समेत तमाम लोग फंसे रहे। हीटवेव के बाद भी अभी तक सड़कों पर छिड़काव और कई जगह पेयजल की व्यवस्था बदहाल बनी हुई है। जिस पर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं है।

अप्रैल से ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। आलम यह है कि अप्रैल में ही जून जैसी तपिश देखने को मिल रही है। गर्म हवाएं लोगों को बीमार कर रही हैं। दिन पर दिन तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में तेज धूप लोगों को परेशान कर रही है। सोमवार को अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 26.1 डिग्री दर्ज किया गया। जिस वजह से गर्मी चरम पर थी। सुबह से ही धूप में तेजी देखने को मिली। बढ़ती गर्मी के चलते मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में भी इजाफा देखने को मिल रहा है। ओपीडी में इन दिनों सर्दी, जुकाम, उल्टी, दस्त, डायरिया आदि के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। परामर्श लेने के लिए मरीजों को अस्पताल में जद्दोजहद करना पड़ रही है। हीटवेब अलर्ट के बाद भी मेडिकल कॉलेज में ओरएस वितरण नहीं हो रहा है। जबकि ओआरएस वितरण कराया जाता है। इतना ही नहीं कुछ वार्डो में कूलर नहीं लगे हैं। जिस वजह से वहां पंखों के सहारे गर्मी से राहत पाने की कोशिश की जा रही है। जबकि हीटवेब की गाइडलाइन और अलर्ट जारी होने के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

हीटवेब अलर्ट के बीच शहर के अधिकांश चौराहों पर छावं का कोई इंतजाम नहीं है। शहर का दायरा करीब पांच किलोमीटर के बीच है। यहां पड़ताल के दौरान पता चला कि शहर के कचहरी तिराहा, नकटादाना चौराहा तक कोई भी टिनशेड नहीं है। जहां राहगीर गर्मी से बैठकर राहत पा सके। हालांकि कुछ स्थानों पर लगे पेड़ लोगों का सहारा बन रहे हैं। इतना ही नहीं गौहनिया चौराहा से छतरी चौराहा और डिग्री कॉलेज चौराहा से नौगवां चौराहा तक पर भी कोई टिनशेड की सुविधा नहीं है। जबकि यहां से यात्री टनकपुर, बरेली आदि स्थानों के लिए सवारी का इंतजार करते हैं। इसके बाद भी यहां आज तक टिनशेड नहीं डलवाए गए हैं। इतना ही नहीं रोडवेज डिपो भी बदहाली से गुजर रहा है। यहां भी आज तक यात्रियों के बैठने की सुविधा नहीं है। ऐसे में यात्रियों को धूप में खड़े होकर सवारी का इंतजार करना पड़ता है। इसके अलावा चौराहा पर ड्यूटी करने वाले पुलिस कर्मियों तक के पास ड्यूटी करने तक के लिए कोई जगह नहीं बनी हुई है। छिड़काव तक नहीं कराया जा रहा है। जबकि हीटवेब के चलते छिड़कांव करने के निर्देश दिए थे।


मेडिकल कॉलेज की ओपीडी के दौरान पर्चा काउंटर पर लगी कतार। • अमृत विचार


ओपीडी में डॉक्टरों के चैंबर के बाहर लगी भीड़। • अमृत विचार

### जाम में फंसकर छूट रहा पसीना

तपती दोपहर में जाम का जंजाल राहगीरों पर भारी पड़ता दिख रहा है। सोमवार को भी दोपहर में टनकपुर हाईवे पर गौहनिया चौराहा से जिला अस्पताल मोड़ तक कई बार जाम लगा। स्कूली समय होने के कारण बच्चे अभिभावकों के साथ बाइकों पर जाम में फंसे रहे। झुलसाती गर्मी के बीच पसीने से तरबतर, बेबस दिखे। उधर, होमगार्ड भर्ती परीक्षा देने आए बाहरी अभ्यर्थी भी तपिश से बेहाल नजर आए, किसी ने पेड़ों की छांव को सहारा बनाया तो कोई पॉलिथीन और गमछा बिछाकर राहत ढूंढता दिखा। शहर के नकटादाना चौराहा, गैस चौराहा और स्टेशन रोड सुनगढ़ी तिराहा जैसे प्रमुख इलाकों में भी यही हाल रहा, जहां जाम और गर्मी ने मिलकर लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दीं।

### बिजली का बढ़ा लोड, उपभोक्ता परेशान

पिछले वर्ष भीषण गर्मी के बिजली का लोड भी बढ़ रहा है। एसी,कूलर, पंखें आदि चलाए जा रहे हैं। वितरण खंड के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में गर्मियों के सीजन में करीब 80 .45 मेगावाट बिजली की खपत हुई थी। मगर इस गर्मी के बीच अकेले शहर में ही 50 मेगावॉट तक बिजली की खपत बढ़ गई है। आने वाले समय में यह डिमांड 60 मेगावॉट तक पहुंचने की उम्मीद है। ऐसे में पूरे जिले में अनुमानित तौर पर 90 से 95 मेगावाट से अधिक बिजली की खपत का अनुमान है। लोड बढ़ने से अधिकांश इलाके लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। दिन हो या रात हर वक्त लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुईहै। जिसमें मुख्य रुप से बेनी चौधरी, मोहम्मद फारुख, डालचंद, पंजाबियान, तखान, आसफजान, खैरुल्लाशाह आदि इलाकों में लो- वोल्टेज परेशान कर रहा है। आए दिन फॉल्ट की समस्या भी लोगों को परेशान कर रही है।

### मुख्य चौराहों पर नहीं ठंडे पानी के इंतजाम

शहर की यही हकीकत इन दिनों चुभ रही है। भीषण गर्मी में जब हर चौराहे पर राहत की दरकार है, नगरपालिका के वाटर कूलर गिनती 20 तक सिमट गई है। गौहनिया चौराहा, जहां तीन प्रमुख मार्गों का संगम और दिनभर भारी भीड़ रहती है, वहां एक ठंडे पानी की टंकी है, जोकि खराब पड़ी है। राहगीर हों या ट्रैफिक पुलिस, प्यास बुझाने को जेब ढीली करनी पड़ रही है। छतरी चौराहा का हाल भी कुछ ऐसा ही है, जहां पेयजल की कोई व्यवस्था नजर नहीं आती। नौगवां चौराहा पर एक टंकी जरूर है, लेकिन वह भी भरोसेमंद नहीं। कभी गर्म पानी तो कभी ठंडा, और पास का हैंडपंप गंदगी में घिरा हुआ। ऐसे में ज्यादातर लोग बोतलबंद पानी खरीदने को मजबूर हैं। इसके अलावा जामा मस्जिद, नींबू मंडी आदि इलाकों में भी वाटर कूलर खराब पड़े हैं। इधर, मोहल्ला डालचंद, मोहम्मद फारुख, बेनी चौधरी आदि में हैंडपंप भी खराब पड़े हैं। हालांकि हीटवेव अलर्ट के बाद नगरपालिका ने पांच ई-रिक्शा पर वाटर कूलर रखकर शहर में दौड़ाए हैं। इन पर कर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

# भीषण गर्मी-लू बढ़ा चुकी परेशानी अब हैंडपंप ठीक कराने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- अभियान चलाकर निरीक्षण करने और खराब पड़े हैंडपंपों को दुरुस्त कराने के निर्देश
- डीपीआरओ ने सहायक विकास अधिकारियों को दिए निर्देश, दो दिन में मांगी रिपोर्ट

> जनपद गर्मी का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। इसको लेकर सभी एडीओ पंचायत को निर्देशित किया गया है। लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
> **- रोहित भारती,** जिला पंचायत राज अधिकारी

**अमृत विचार :** जनपद में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर है। ग्रामीण अंचलों में जनमानस को पेयजल की किल्लत न हो, डीएम के निर्देश के बाद पंचायत राज विभाग ने कमर कस ली है। जनपद की सभी ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक स्थानों पर लगे हैंडपंपों और पानी की टंकियों की स्थिति सुधारने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस बावत डीपीआरओ ने सभी ब्लाकों के एडीओ पंचायतों को दिशा निर्देश जारी करते हुए दो दिन के अंदर रिपोर्ट तलब की है।

जनपद में इन दिनों तापमान दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। तपती धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों से जनजीवन व्यस्त होने लगा है। दोपहर मे तो स्थिति और भी खराब हो रही है। सड़कों पर जहां पहले भीड़भाड़ दिखती थी, आज उन सड़कों पर दोपहर में सन्नाटा पसरा दिखाई दे रहा है। जनपद में बढ़ते गर्मी के प्रकोप को देखते हुए एडवाइजरी जारी की गई है। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की ओर से अधिकारियों को सार्वजनिक स्थानों पर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पंचायती राज विभाग को भी निर्देश जारी किए गए हैं। इधर, डीएम के निर्देशों के क्रम में डीपीआरओ रोहित भारती ने सभी सात ब्लाकों के एडीओ पंचायत को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जारी पत्र में कहा गया कि विकास खंडों के अंतर्गत आने वाली सभी ग्राम पंचायतों में स्थापित हैंडपंपों और पानी की टंकियों का तत्काल निरीक्षण कराएं। यदि निरीक्षण के दौरान कोई भी हैंडपंप या पानी की टंकी खराब पाई जाती है, तो उसे प्राथमिकता के आधार पर तत्काल ठीक कराया जाए।

इसके साथ ही पेयजल स्रोतों के आसपास साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि जनता को स्वच्छ और शीतल पेयजल उपलब्ध हो सके। पत्र में यह भी चेतावनी दी गई कि इस इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी एडीओ पंचायत से 02 दिन के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा गया है।

### हीटवेव को लेकर की गई बैठक

**पीलीभीत, अमृत विचार :** गांधी सभागार में डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हीटवेव के प्रभावों को न्यून करने के उद्देश्य से बैठक की गई। सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने शुरुआत कराई।

डीएम ने कहा कि समस्त एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र के गोशाला में आश्रित गोवंश के लिए चारा, पानी, छाया एवं समय-समय पर पानी का छिडकांव कराने की व्यवस्था करें। क्षेत्रों में मिट्टी के घड़ों में प्याऊ रखवाये ताकि जरूरतमन्द लोगों को पानी उपलब्ध हो सके। तालाबों/पोखरों में पानी भरवाएं। भीड़ वाली जगह, मंदिरों आदि पर पर्याप्त छाया और पेयजल का प्रबंध हो। हैंडपम्प दुरुस्त कराए जाएं। नामित अधिकारियों से दो दिन में गोशाला का निरीक्षण कर रिपोर्ट मांगी है। प्रमुख स्थलों पर निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था, वाटर कूलर प्रबंधन करने के निर्देश दिए। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि नगर पालिका, नगर पंचायतों, परिवहन विभाग द्वारा बस स्टैंड, मंदिर, धार्मिक स्थल और रेलवे स्टेशन आदि पर छांव के लिए शेड एवं प्याऊ की व्यवस्था की जाए।

# दिल्ली की तलाकशुदा महिला से किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- तीन दिन पहले ही हुई थी आरोपी की शादी, भनक लगते ही पीलीभीत पहुंची प्रेमिका
- शहर कोतवाली क्षेत्र का रहने वाला है आरोपी, एसपी ने दिए एफआईआर के आदेश

**अमृत विचार :** दिल्ली की रहने वाली तलाकशुदा महिला से शहर के एक युवक की गोवा में हुई मुलाकात के बाद प्रेम प्रसंग हो गया। शादी का झांसा देकर ढाई साल तक युवक ने यौन उत्पीड़न किया। पत्नी की तरह रखते हुए दो साल करवा चौथ का व्रत रखते हुए साथ पूजा भी की गई। अब तीन दिन पहले अचानक प्रेमी ने दूसरी युवती से शादी कर ली। इसकी जानकारी मिलने पर दिल्ली से पीलीभीत पहुंची महिला ने एसपी के समक्ष पेश होकर दुखड़ा सुनाया। एसपी ने कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

लाजपत नगर (दिल्ली) की रहने वाली एक महिला ने पुलिस लाइन पहुंचकर एसपी से शिकायत की। इसमें बताया कि आठ साल पहले उसका पति से तलाक हो गया था। उसकी एक पुत्री है, जोकि साथ रहती है। वह दिल्ली की एक कंपनी में नौकरी कर परिवार का गुजर बसर करती है। करीब ढाई साल पहले वह अपनी सहेलियों के साथ गोवा घूमने गई थी। वहां पर पीलीभीत शहर का रहने वाला राजदीप शर्मा भी अपने दोस्तों के साथ था।

दोनों की गोवा में मुलाकात हुई और एक दूसरे के नंबर शेयर कर लिए। शुरुआत में दोस्ती चलती रही और दोनों एक दूसरे से बातचीत करते रहे। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हो गया। आरोप है कि राजदीप ने शादी का झांसा दिया और कई बार उसके पास मिलने के लिए आया। ढाई साल में कई बार शारीरिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं वह उसे बतौर पत्नी की तरह रखता रहा। दो साल करवा चौथ पर उसके पास पहुंचा और पूजा पाठ के साथ ही व्रत खुलवाया। अन्य त्योहार भी साथ रहकर मनाए। पिछले साल अक्टूबर माह में उसके घर पर फंक्शन था। जिसमें वह अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पीलीभीत आई थी और दावत में शामिल भी हुई। कई बार दोनों साथ घूमने भी गए, जिसके फोटो व वीडियो उसके पास हैं। आरोपी लगातार ये कहता रहा कि जल्द ही उसके साथ शादी करेगा। मगर मार्च माह से अचानक आरोपी ने बातचीत करना बंद कर दी। उसके परिवार के सदस्यों ने भी नंबर ब्लॉक कर दिए। इसी बीच 24 अप्रैल को राजदीप शर्मा ने किसी अन्य युवती से शादी कर ली। इसकी जानकारी दूसरे दिन 25 अप्रैल को हुई। इसके बाद उसने कॉल करनी चाही लेकिन आरोपी व उसके परिवार के किसी भी नंबर पर कॉल रिसीव नहीं हुई। जिसके बाद वह पीलीभीत पहुंची और एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने साक्ष्य के तौर पर व्हाट्सएप चैटिंग, फोटो व वीडियो भी दिखाए हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी सुकीर्ति माधव ने एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### जरूरत बताकर तीन लाख की ठगी का भी आरोप

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के साथ ही युवक पर प्रेमिका से करीब तीन लाख रुपये की ठगी करने का भी आरोप लगा है। पीड़िता ने बताया कि दोनों संपर्क में आने के बाद पति-पत्नी की तरह जीवन यापन करने लगे थे। ऐसे में कई बार जरुरत बताकर रुपये की मांग की गई। उसने कभी 50 हजार तो कभी अन्य रुपये दिए। अधिकांश रुपये ऑनलाइन दिए गए थे। जिसका साक्ष्य भी उसके पास है। ढाई से तीन लाख रुपये आरोपी द्वारा धोखाधड़ी से लेने की बात सामने आई है।




ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana, Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more 9582831744, 9258116087 8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मांग

## शहर तहसील में पहुंचे हनुमान दल और गौरधाम परिवार के सदस्यों ने उठाई मांग

- जिलेभर में तहसील स्तर पर सौंपे गए ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मांग उठी। गो-सम्मान अभियान के तहत जिलेभर की तहसीलों में लोग पहुंचे और अपनी मांगों से जुड़ा ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा गया। इस दौरान नारेबाजी भी की गई।

राष्ट्रीय हनुमान दल के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता की अगुवाई में तहसील पहुंचे और ज्ञापन दिया। इस दौरान कहा कि वर्तमान में गोमाता की दुर्दशा चिंताजनक है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए जिले के समस्त गोसेवकों, गोरक्षकों, हिन्दू संगठनों और गोमाता में आस्था रखने वाले नागरिकों से आह्वान किया गया है कि वे इस पुनीत कार्य में सम्मिलित हों। इस मौके पर राहुल गजवानी, रामानुज अवस्थी, प्रवीन गुप्ता, स्वतंत्र देवल, शिरीष सक्सेना, आदित्य ओझा, राकेश मौर्य, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

उधर, गोमाता सम्मान आवाहन अभियान के अंतर्गत गौर धाम परिवार के सदस्यों ने भी तहसील पहुंचकर गो-माता को राष्ट्र माता घोषित करने और पूरा सम्मान सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर दीपू अग्रवाल, अवधेश अग्रवाल, शेखर वर्मा, शिवम अग्रवाल, मीनू गुप्ता, विनीता, आनंद गुप्ता, सचिन वर्मा, रामरक्षपाल वर्मा, पंकज अग्रवाल, रज्जन पांडेय, अंकुर वर्मा, आनंद कुमार, शालिनी वर्मा आदि मौजूद रहे।



ज्ञापन देने पहुंचे राष्ट्रीय हनुमान दल के कार्यकर्ता। • अमृत विचार


बीसलपुर में ज्ञापन देने को जमा हुए कार्यकर्ता।

### कार्यकर्ताओं ने बीसलपुर में निकाला जुलूस, तहसील में किया प्रदर्शन

**बीसलपुर, अमृत विचार :** गो-माता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने की मांग को लेकर सोमवार को राष्ट्रीय हनुमान दल और अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के कार्यकर्ता जमा हुए। उन्होंने जुलूस निकाला और तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौपा गया। कार्यकर्ता बंगाली बाबा मंदिर परिसर में एकत्र हुए थे। महंत हनुमान नाथ महाराज, नगर उपाध्यक्ष रवि सक्सेना के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के कार्यकर्ता तहसील परिसर में एकत्र हुए और प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इस मौके पर सामाजिक विकास कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेश दुबे, अनुराग, चिराग रस्तोगी, सत्यम रस्तोगी, शोभित अग्रवाल, नगर महामंत्री सक्षम जोशी, उदित बाजपेई, शिवांश अवस्थी, रामू मौर्य, राहुल ठाकुर, प्रियांशु जोशी, प्रियांशु गंगवार, वैभव मिश्रा, मोहित रस्तोगी, कार्तिक सिंह, कुनाल माथुर, विशाल, रघुवंश कुमार तिवारी, प्रेम प्रकाश दीक्षित संजीव कुमार गंगवार, कृष्ण कुमार, गौरीश गंगवार आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने दिए बाढ़ आने से पहले तैयारियां पूरी करने के निर्देश

- गांधी सभागार में बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** आगामी मानसून सीजन में संभावित बाढ़ से निपटने के लिए की जाने वाली तैयारियों के दृष्टिगत बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की बैठक हुई। बैठक के दौरान डीएम ने बाढ़ बचाव से जुड़ी निर्माणाधीन सभी परियोजनाओं को मई के अंत तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि बाढ़ चौकियों पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहनी चाहिए, ताकि आपदा के समय त्वरित राहत पहुंचाई जा सके।

गांधी सभागार में सोमवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने राजस्व, पुलिस, जल निगम, कृषि, सिंचाई और स्वास्थ्य सहित अन्य संबंधित विभागों की कार्ययोजना की गहन समीक्षा की। उन्होंने सिंचाई विभाग के अभियंताओं को निर्देशित किया कि बचाव के लिए निर्माणाधीन सभी बाढ़ परियोजनाओं को मई के अंत तक पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। संबंधित उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे खुद मौके पर जाकर कार्यों की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण करें। उन्होंने जनपद में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले गांवों की बाढ़ से सुरक्षा के लिए समीक्षा करते हुए बाढ़ से निपटने के लिए स्थापित बाढ़ चौकियों पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने व विभागवार किए जाने वाले कार्यों को लेकर दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने नदियों के जल प्रवाह तथा नदियों में छोडे जाने वाले पानी एवं जनपद को बाढ़ प्रभावित से करने वाली नदियों की जानकारी ली और सभी उप जिलाधिकारियों अपने क्षेत्रों में जहां पर कटान की संभावना हो, वहां की सूची तैयार कर अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड को देने के निर्देश दिए। डीएम ने बिजली विभाग को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित गांवों का सर्वे कर वहां ढीले तार और टूटे पोलों को तत्काल दुरुस्त किया जाए। बैठक में सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, सीवीओ डॉ. पीके त्यागी, समेत सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सड़क पर फेंका बायोमेडिकल वेस्ट, नोटिस जारी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शहर में सार्वजनिक स्थानों पर बायोमेडिकल वेस्ट फेंकने के मामले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से निजी अस्पतालों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बता दें कि शहर के छतरी चौराहा के पास सहकारी बैंक के पास मोहल्ला नई बस्ती को जाने वाले रास्ते पर डाले गए मेडिकल वेस्ट का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने टीम को मौके पर जांच करने के लिए भेजा। हालांकि मौके से कूड़ा हटा दिया गया था। मगर वायरल फोटो में सीरिंज और अन्य ऑपरेशन थियेटर में प्रयोग होने वाले उपकरण दिख रहे थे। सीएमओ ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आसपास के चार अस्पतालों को नोटिस जारी किया है। सीएमओ ने बताया कि मेडिकल वेस्ट किस अस्पताल ने फेंका इसकी जांच चल रही है। फिलहाल आसपास में संचालित हो रहे चार अस्पतालों को नोटिस जारी किए गए हैं।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY — अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
• 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
• बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
• आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
• कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

जीवनी बोन एण्ड हैल्थ क्लीनिक
डा. विनय गंगवार — एमबीबीएस (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्टस मेडिसिन) — हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
कुल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, दूरबीन विधि द्वारा (Arthoscopic) घुटने का इलाज (ACL/PCL Tear) गठिया एवं समस्त जोड़ों के दर्द का इलाज, सियाटिका/कमर दर्द का इलाज, फिजियोथेरेपी, प्लास्ट एवं टूटी हड्डी (फ्रैक्चर) के समस्त ऑपरेशन
डा. आंचल अग्रवाल — एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई) — फीजिशियन
शुगर एवं ब्लड प्रेशर, खांसी, सांस में दर्द, भूख न लगना, उल्टी एवं दस्त की बीमारी, माइग्रेन का इलाज, पैरों में सूजन, पीलिया/काला पीलिया का इलाज, टीवी, गुर्दे में दिक्कत, कोलेस्ट्रॉल चेकअप, बुखार (डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया)
ओपीडी समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक
बंसल इंटीरियर के सामने, 6-ए, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली मो. 6396640323

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
NABH PRE ACCREDITED
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE — DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

### वृद्ध की मौत के मामले में जांच टीम गठित

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में ग्रामीण की मौत मामले में जांच के लिए गठित की गई है।

बता दें कि जहानाबाद के ग्राम बगवापुर निवासी 60 वर्षीय कुंदनलाल मानसिक रुप से अस्वसथ थे। वह साइकिल पर सामान लेकर फेरी लगाने के लिए जा रहे थे और किसी ने उन्हें जहरीला पदार्थ खिला दिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर गए थे और चवहां उनकी मौत हो गई थी। परिवार ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। इस मामले की जांच डॉ. पीसी श्रीवास्तव, डॉ. जगदम्बा, डॉ. संजीव को दी गई है।

# अंतिम दिन भी रही अव्यवस्थाएं, 947 अभ्यर्थी गैरहाजिर

**होमगार्ड भर्ती परीक्षा**

- छह केंद्रों पर संपन्न कराई गई परीक्षा, धूप में भटके अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** होमगार्ड भर्ती परीक्षा के अंतिम दिन सोमवार को भी अव्यवस्थाएं हावी रही। कड़ी सुरक्षा और शांतिपूर्ण आयोजन के बावजूद अभ्यर्थियों को बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझना पड़ा। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पहुंचने से लेकर वापसी में जाने के लिए सवारी के लिए जद्दोजहद करना पड़ी। अंतिम दिन दोनों पालियों में 947 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी, जबकि 3373 ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। परीक्षा के बाद स्टेशन और रोडवेज समेत विभिन्न चौराहों पर भीड़ देखने को मिली।

बता दें कि तीन दिनों से जिले में चल रही यूपी होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा के अंतिम दिन सोमवार को भी दो पालियों में परीक्षा कराई गई। परीक्षा में शामिल होने के लिए पहली पाली के अभ्यर्थी सुबह आठ बजे से ड्रमंड कॉलेज, जीजीआईसी, राम इंटर कॉलेज, एसएन इंटर कॉलेज और राजकीय पॉलिटेक्निक के बाहर जुटना शुरू हो गए। जहां चेकिंग के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। पहली पाली में 2160 अभ्यर्थी पंजीकृत थे।

जिनमें 3373 ने परीक्षा दी, जबकि 947 ने परीक्षा छोड़ दी। इसी तरह दूसरी पाली में 2160 में 1714 उपस्थित रहे, जबकि 446 अनुपस्थित रहे। आखिरी दिन भी अभ्यर्थियों को चेकिंग के दौरान घंटों धूप में खड़ा होना पड़ा। अंतिम पाली की परीक्षा छूटने के बाद केंद्रों से बाहर निकले अभ्यर्थियों के चेहरे पर संतोष दिखाई दिया। कई अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र का स्तर बेहतर था और जिन्होंने अच्छी तैयारी की है, उनके सफल होने की पूरी उम्मीद है। वहीं पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने केंद्रों का निरीक्षण भी किया।

हालांकि कोई भी नकलची नहीं पकड़ गया। इसके बाद परीक्षा में शामिल होने के बाद उन्हें अपने गतंव्य तक पहुंचने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ा। रेलवे जंक्शन पर अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ी। बरेली जाने वाली ट्रेन में सर्वाधिक भीड़ देखने को मिली। ट्रेन में सीट को लेकर मारामारी मची रही। इतना ही नहीं टिकट घर तक पर लाइनें लगी दिखाई दी।

इसी तरह रोडवेज पर भीड़ देखने को मिली। जहां अभ्यर्थी शाहजहांपुर, बदायूं, बरेली, हरदोई, लखीमपुर खीरी के लिए सवारियों को इंतजार करते मिले। पेपर छूटने के बाद सड़कों पर जाम के हालात भी देखे गए। शहर के गौहनिया चौराहा और डिग्री कालेज चौराहा पर वाहनों का दबाव अधिक रहा।

ट्रैफिक पुलिस कर्मी जाम को खुलवाने में मश्क्कत करते रहे। तीन दिन हुई परीक्षा में शनिवार को 921, रविवार को 871 और सोमवार को 947 अभ्यर्थियों ने परीक्षा नहीं दी। इस तरह कुल 2,739 अभ्यर्थियों ने भर्ती परीक्षा से दूरी बनाई।


परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी। • अमृत विचार

# खाद की दुकान पर लटके रहे ताले

- जनपद में देशव्यापी बंद का दिखा मिलाजुला असर, कुछ जगहों पर खुली रहीं दुकानें

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** देशव्यापी आह्वान पर विभिन्न मांगों को लेकर जनपद में खाद व्यापारी हड़ताल पर रहे। इसके चलते खाद की दुकानों में ताले लटके रहे। हालांकि सोमवार को हुई हड़ताल का जनपद में मिला-जुला असर देखने को मिला। कुछ स्थानों पर दुकानें खुली रहीं। इस पर खाद व्यापारियों का कहना था कि उन्हें हड़ताल की जानकारी नहीं हो सकी।

एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन ने पूर्व में देशव्यापी बंद का आह्वान किया था। इसी क्रम में सोमवार को खाद की टैगिंग बंद करने, डीलर मार्जिन में बढ़ोत्तरी, सैंपल फेल होने पर संबंधित कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई करने समेत अन्य मांगों को लेकर जनपद में खाद विक्रेता हड़ताल पर रहे। इसके चलते शहर समेत पूरनपुर, बरखेड़ा, मझोला, कलीनगर, अमरिया आदि क्षेत्रों में अधिकांश खाद की दुकानें बंद रहीं। हालांकि कुछ जगहों पर खाद की दुकानें खुली भी देखी गई। इस पर खाद व्यापारियों का तर्क था कि उन्हें देशव्यापी बंद की जानकारी नहीं हो सकी थी। गुरप्रीत सिंह समेत अन्य खाद व्यापारियों ने बताया कि खाद-फर्टिलाइजर कंपनियों द्वारा टैगिंग की जा रही है, जिसके चलते किसानों को ऐसी चीजें भी खरीदनी पड़ती हैं, जिनकी उन्हें जरूरत नहीं होती। इससे किसानों का आर्थिक नुकसान होता है और बदनामी व्यापारियों की होती है. व्यापारियों ने यह भी कहा कि सरकारी बिक्री और निजी दुकानों में अंतर है. किसी उत्पाद का सैंपल फेल होने पर दुकानदारों पर मामला दर्ज कर दिया जाता है, जबकि उत्पाद बनाने वाली कंपनियां जिम्मेदार होती हैं। उन्होंने बताया कि इन सभी मांगों को लेकर ही खाद की दुकानें बंद रखी गई हैं। इधर दुकानें बंद होने से खाद लेने पहुंचे किसानों को बिना खाद लिए ही बैरंग होना पड़ा।



मझोला कस्बे में देशव्यापी बंद के चलते बंद पड़ी खाद की दुकान।

# अपहरण नहीं, युवक को ले गए लड़की के घरवाले

- युवती के परिजन ने झांसा देकर बुलाया और जाकर की पिटाई

संवाददाता, घुंघचिहाई

**अमृत विचार :** घुंघचिहाई क्षेत्र का 40 वर्षीय युवक सोमवार दोपहर को घर से पार्सल लेने जाने की बात कहकर निकला था। उसे एक कॉल आई थी। जिसके बाद आरोप था कि उसे थार में सवार होकर लाए कुछ लोग अगवा करके ले गए। परिजन से मिली अपहरण की सूचना पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। कुछ देर बाद युवक को लेकर खुटार शाजहांपुर क्षेत्र के कुछ लोग खुद थाने आ गए। पुलिस ने जब दोनों पक्षों से जानकारी की तो मामला अपहरण का न निकलकर कुछ और ही था। बताते हैं खुटार की एक युवती ने इंस्टाग्राम आईडी पर अपना डाल रखा था। उक्त युवक ने नंबर जुटाकर उसे कॉल करना शुरू कर दिया। आपत्तिजनक बातें करता तो कभी अभद्रता। कई बार मना करने के बाद भी नहीं माना। जिस पर युवती ने अपने परिजन को पूरी बात बताई। जिसके बाद परिजन ने कॉल कर झांसा देकर युवक को बुलाया और फिर उसे पकड़कर ले गए थे। उसे पहले खुटार थाने ले गए लेकिन वहां की पुलिस ने घुंघचिहाई क्षेत्र से जुड़ा मामला बताया तो वापस ले गए और स्थानीय पुलिस से शिकायत की। काफी देर तक दोनों पक्षों के बीच पंचायत चलती रही। इंस्पेक्टर जयशंकर सिंह ने बताया कि युवक एक युवती को कॉल कर परेशान कर रहा था तो उसके परिवार वालों ने पकड़ लिया था। जांच चल रही है।

# पति पर एसिड से हमला करने के मामले में रिपोर्ट

- कोतवाली पुलिस ने शुरू की जांच, दोनों का चल रहा इलाज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पति पर एसिड (टॉयलेट क्लीनर) से फेंकने वाली पत्नी पर पुलिस ने कार्रवाई की है। तहरीर के आधार पर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

घटना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खैरुल्लाहशाह में हुई थी। बताते हैं कि सराफा व्यापारी हेमंत वर्मा की शादी छह साल पहले लखीमपुर खीरी के धौरराह की रहने वाली शिल्पी से हुई थी। आरोप है कि शिल्पी का मायके क्षेत्र के ही एक युवक से संबंध थे। शादी के एक साल बाद बाद इसकी जानकारी पति को हुई तो उसने विरोध किया और विवाद बढ़ गए। हेमंत व उसके परिवार पर लड़की पक्ष ने दहेज उत्पीड़न की रिपार्ट दर्ज करा दी थी। हेमंत की ओर से भी कोर्ट में तलाक की अर्जी दाखिल की गई। पत्नी मायके में रहने लगी थी। फरवरी में तलाक का नोटिस पहुंचने के बाद आरोप है कि पत्नी ने वापस ससुराल में रहने का दबाव बनाया था। रविवार शाम को ससुराल पहुंचकर पति पर हमला कर दिया। टायलेट क्लीनर (एसिड) गिरने से पति हेमंत झुलस गया था और शिलपी भी मामूली रुप से झुलस गई थी। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित हेमंत से मिली तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। अभी दोनों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। विवेचना कराई जा रही है।

# टाइगर रिजर्व के बनकटी चौकी क्षेत्र के जंगल में मिला ग्रामीण का शव

- पत्नी गई थी मायके, पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** टाइगर रिजर्व के बनकटी चौकी क्षेत्र के जंगल में युवक का शव मिला। सूचना मिलने पर पहुंची न्यूरिया पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज जांच शुरू कर दी है।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम मेथी सैदूल्लागंज निवासी 45 वर्षीय वेद प्रकाश पुत्र गोविंद राम का शव सोमवार दोपहर में पीलीभीत टाइगर रिजर्व की बनकटी चौकी क्षेत्र के जंगल में पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के परिजन भी मौके पर आ गए। परिजनों ने बताया कि मृतक की पत्नी गायत्री देवी बच्चों के साथ चार दिन पहले अपने मायके चली गई थी। उसका मायका गजरौला थाना क्षेत्र के गांव कैंच में है, जहां सोमवार को एक वैवाहिक कार्यक्रम होना था। पति की मौत की खबर मिलते ही वह मायके से वापस लौट आई। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक वेद प्रकाश नशा अधिक करता था। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि वह नशे की हालत में जंगल में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। एसओ न्यूरिया सुभाष मावी ने बताया कि शव तीन चार दिन पुराना लग रहा था, शव गल चुका था और उससे दुर्गंध आ रही थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### मुसरहा के ग्रामीण की हुई थी ट्रेन से कटकर मौत

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** पीलीभीत शाहजहांपुर रेलखंड पर रविवार को गांव नवादा महेश के पास ट्रेन की चपेट में आकर 65 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई थी। काफी प्रयास के बाद भी रविवार देर शाम तक शव की पहचान नहीं हो सकी थी। दूसरे दिन सोमवार को मीडिया के जरिए हादसे की जानकारी मिलने पर गांव मुसरहा निवासी महेंद्रा देवी पोस्टमार्टम हाउस पहुंची और कपड़ों व हुलिया देख मृतक की पहचान अपने पति राम बहादुर के रूप में की। उन्होंने बताया कि पति रविवार सुबह पशुओं के लिए घास लेने निकले थे। इसके बाद से घर नहीं लौटे, तो उनकी तलाश की गई। जब किसी के ट्रेन से कटने की जानकारी हुई, तो उन्हें आशंका होने लगी थी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। परिवार में चीख पुकार मची रही।

# तीसरे व अंतिम दिन 10052 अभ्यर्थियों ने दी होमगार्ड परीक्षा

## 3004 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित, परीक्षा कड़े सुरक्षा इंतजामों और प्रशासन की निगरानी में शांतिपूर्ण संपन्न

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** होमगार्ड भर्ती परीक्षा के तीसरे और अंतिम दिन जिले के 16 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में कुल 13056 में से 10052 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जबकि 3004 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में परीक्षा कड़े सुरक्षा इंतजामों और प्रशासन की सतर्क निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। लगातार तीन दिन तक चले इस भर्ती प्रक्रिया के अंतिम चरण में भी व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही और कहीं से किसी अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली।

परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। डीएम अंजनी कुमार सिंह व एसपी डॉ. ख्याति गर्ग स्वयं विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रहे।

परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। अभ्यर्थियों को मेटल डिटेक्टर, फोटो स्कैनर व बायोमीट्रिक सत्यापन के बाद ही प्रवेश दिया गया। परीक्षा के दौरान सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर गतिविधि पर निगरानी रखी गई। सुबह से ही परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। समय से पहले पहुंचे अभ्यर्थी केंद्रों के आसपास इंतजार करते नजर आए। परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्रों के बाहर पेपर को लेकर चर्चाओं का दौर भी चलता रहा। परीक्षा के सकुशल संपन्न होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने परीक्षा में सहयोग करने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व केंद्र व्यवस्थापकों को बधाई देते हुए उनकी सराहना की।



राजकीय इंटर कॉलेज केंद्र पर प्रवेश के लिए लगी अभ्यर्थियों की लाइन। ● अमृत विचार



परीक्षा केंद्र पर निरीक्षण के दौरान डीएम अंजनी कुमार सिंह।



परीक्षा समाप्त होने के बाद जीजीआईसी केंद्र से निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

**पहली पाली के बाद खाने-पीने की दुकानों पर उमड़ी भीड़**

पहली पाली की परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्रों के आसपास स्थित खाने-पीने की दुकानों और ठेलों पर अभ्यर्थियों की अच्छी-खासी भीड़ दिखाई दी। लंबे समय तक परीक्षा देने के बाद बाहर निकले अभ्यर्थी नाश्ता और ठंडे पेय पदार्थ लेते नजर आए। कई स्थानों पर कुछ समय के लिए दुकानों पर भीड़ का दबाव भी बढ़ गया और दुकानदारों की बिक्री में भी तेजी देखी गई।

### अधिकांश अभ्यर्थियों ने बताया पेपर रहा कठिन

परीक्षा देकर बाहर निकले अधिकांश अभ्यर्थियों का कहना था कि इस बार प्रश्नपत्र का स्तर अपेक्षाकृत कठिन रहा। कई सवाल ऐसे थे, जिन्हें हल करने में अपेक्षा से अधिक समय लगा, जिससे समय प्रबंधन चुनौतीपूर्ण साबित हुआ। कुछ अभ्यर्थियों ने पेपर को संतुलित जरूर बताया, लेकिन बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने इसे कठिन श्रेणी का माना। परीक्षा केंद्रों के बाहर पेपर को लेकर चर्चा का दौर भी देर तक चलता रहा और अभ्यर्थी आपस में सवालों का मिलान करते नजर आए।

### सुबह जल्दी पहुंचकर चबूतरों पर काटा समय

कई अभ्यर्थी निर्धारित समय से काफी पहले ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए थे। ऐसे में केंद्रों के आसपास स्थित दुकानों के चबूतरों, पेड़ों की छांव और खुले स्थानों पर बैठकर उन्होंने अपना खाली समय बिताया। सुबह के समय इन स्थानों पर परीक्षार्थियों की हलचल साफ नजर आई। कोई किताबों के पन्ने पलटता दिखा तो कोई साथी अभ्यर्थियों से चर्चा करता नजर आया।

### अभिभावक धूप में इंतजार करते रहे

कई अभ्यर्थियों के साथ आए अभिभावकों को परीक्षा समाप्त होने तक तेज धूप और गर्मी में इंतजार करना पड़ा। केंद्रों के बाहर छांव की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण वे इधर-उधर बैठकर या खड़े होकर समय बिताते नजर आए। गर्म हवाओं और तेज धूप ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी, जिससे लंबे इंतजार के दौरान उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। परीक्षा समाप्त होने के बाद ही उन्हें राहत मिल सकी।

### परीक्षा के बाद बस स्टैंड व स्टेशन पर उमड़ी भीड़

परीक्षा के अंतिम दिन पहली और दूसरी पाली की परीक्षा समाप्त होने के बाद शहर के बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर अभ्यर्थियों की भारी भीड़ देखने को मिली। दूर-दराज जिलों से आए परीक्षार्थी अपने घर लौटने के लिए साधनों का इंतजार करते नजर आए। भीड़ अधिक होने के कारण कुछ समय के लिए अफरा-तफरी जैसी स्थिति भी बनी रही। ट्रेनों और बसों में भी यात्रियों का दबाव बढ़ता हुआ नजर आया।

## न्यूज ब्रीफ

### झोपड़ी में आग लगने से हजारों की संपत्ति राख

**भीरा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव रेवतीपुरवा निवासी मेवा लाल गौतम की झोपड़ी में सोमवार की दोपहर विद्युत स्पार्किंग से अचानक आग लग गई, जिससे घर में रखा राशन, कपड़ा, बर्तन, चारपाई सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। बक्से में रखी 5 हजार रुपये की नगदी भी जल गई। पीड़ित के अनुसार जिस वक्त आग लगी। उस वक्त घर पर कोई नहीं था। वह अपनी पत्नी के साथ पास के गांव में गया था। आसपास के लोगों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### 300 ग्राम अफीम के साथ युवक गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना खीरी एसओ निराला तिवारी ने बताया कि पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में वांछित चल रहे आरोपी लखीमपुर शहर के मोहल्ला रामनगर निवासी राहुल अवस्थी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 300 ग्राम अफीम और एक कार बरामद हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का चालान भेजा है।

### दहेज हत्या मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना खीरी पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे गांव मोहम्मदाबाद निवासी रोहित कुमार शुक्ला को गिरफ्तार कर चालान भेजा है। पुलिस उसकी काफी समय से तलाश कर रही थी।

## टेंट लगाने पहुंचे कारोबारी से मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** निघासन थाना क्षेत्र के शिवलालपुरवा मजरा लुधौरी निवासी निहाल पाल टेंट का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि दुबहा निवासी पटवारी ने उनसे टेंट बुक कराया था। बुकिंग के बाद वह टेंट का सामान लेकर पढ़ुआ थाना क्षेत्र के बोझिया गांव पहुंचे, जहां पटवारी के साढ़ू पंडित के घर कार्यक्रम के लिए टेंट लगाया गया। पीड़ित का आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान डीजे नहीं पहुंच सका, जिससे नाराज होकर पंडित निवासी बोझिया ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह उसे बचाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अंगदान बने जनआंदोलन बहुमूल्य अंगों को न करें नष्ट

- मेडिकल एल्ट्रिज्ज पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न
- देश-विदेश के विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** अंगदान को समाज में एक जन आंदोलन का रूप देने की जरूरत पर जोर देते हुए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. वाणी गुप्ता ने कहा कि मृत्यु के बाद शरीर के बहुमूल्य अंगों को नष्ट करने के बजाय दान कर कई लोगों को नया जीवन दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जैसे अन्नदान को पुण्य माना जाता है, उसी प्रकार अंगदान भी महादान है और इसे सामाजिक संस्कार का हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

उन्होंने मेडिकल कॉलेज देवकली में आयोजित मेडिकल एल्ट्रिज़्म (परोपकारार्थमिदं शरीरम्) विषय पर प्रदेश के पहले दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन अवसर पर कहीं। इस सम्मेलन में देश और विदेश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों के विशेषज्ञों ने भाग लेकर अंगदान, प्रत्यारोपण और चिकित्सा परोपकार के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

सम्मेलन में संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी और कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से जुड़े विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। कैम्ब्रिज से जुड़े डॉ. अभिषेक रे ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बताया कि छोटी आंत और मल्टी-विसेरल प्रत्यारोपण उन मरीजों के लिए जीवन रक्षक है, जिनकी आंत पूरी तरह काम करना बंद कर चुकी है।

उन्होंने कहा कि भारत इस क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। हैदराबाद स्थित मोहन फाउंडेशन की कंट्री हेड ललिता रघुराम ने कहा कि अंगदान के लिए परिजनों की सहमति बेहद महत्वपूर्ण होती है। यदि समाज में जागरूकता बढ़े तो लाखों लोगों को नया जीवन मिल सकता है। सम्मेलन को सफल बनाने में उपप्रधानाचार्य डॉ. राजेश झिंगरन समेत मेडिकल कॉलेज के कई चिकित्सकों और स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



कार्यक्रम में मौजूद प्रधानाचार्य डॉ. वाणी गुप्ता व अन्य अतिथि चिकित्सक।

### किडनी और लीवर प्रत्यारोपण पर जोर

डॉ. विश्वजीत सिंह ने कहा कि किडनी रोग के अंतिम चरण में प्रत्यारोपण ही प्रभावी इलाज है, लेकिन अंगों की उपलब्धता कम होने के कारण कई मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता। वहीं डॉ. अभिषेक यादव ने बताया कि लीवर ट्रांसप्लांट की सफलता दर लगातार बढ़ रही है, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण डोनर की संख्या पर्याप्त नहीं है।

### नेत्रदान और रक्तदान की अहमियत

डॉ. अरुण कुमार शर्मा ने कहा कि एक मृत व्यक्ति के स्वस्थ कॉर्निया से दो नेत्रहीन लोगों को रोशनी मिल सकती है। वहीं डॉ. तुलिका चन्द्रा ने बताया कि एक यूनिट रक्त चार जिंदगियां बचा सकता है और इसका कोई विकल्प नहीं है।

# मोदी की रैली के लिए आज रवाना होंगी बसें

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** तीन दिवसीय होमगार्ड परीक्षा के दौरान पहले से परेशान चल रहे यात्रियों की मुश्किलें अब और बढ़ने वाली हैं। 29 अप्रैल को हरदोई के मल्लावां में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली के लिए बड़ी संख्या में रोडवेज बसों की मांग की गई है। इसके चलते मंगलवार को लखीमपुर और गोला डिपो से बसें हरदोई के लिए रवाना होंगी, जिससे अगले दो दिन तक यात्रियों को बसों की कमी का सामना करना पड़ेगा।

रैली के लिए हरदोई क्षेत्र में कुल 530 रोडवेज बसें लगाई गई हैं। इनमें से गोला डिपो से 100 और लखीमपुर डिपो से 8 बसें आज हरदोई के लिए भेजी जाएंगी। दरअसल, लखीमपुर डिपों में बसों की संख्या सिर्फ 15 ही है। इससे यहां निगम की सिर्फ सात बसें ही बचेंगी। वहीं, बसों के इस बड़े पैमाने पर डायवर्जन के कारण स्थानीय रूटों पर बसों की संख्या घट जाएगी, जिससे दैनिक यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में दिक्कतें आएंगी। अनुबंधित बसें मुख्य रूप से लखनऊ और शाहजहांपुर रूट पर चलती हैं, जबकि निगम की बसें दिल्ली, जयपुर और हरिद्वार जैसी लंबी दूरी के मार्गों पर संचालित होती हैं। ऐसे में लंबी दूरी के यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। वहीं लखीमपुर डिपो में 85 अनुबंधित बसों से ही व्यवस्था संभालनी पड़ेगी।

> रैली के लिए 100 बसें मांगी गई हैं, जो आज हरदोई रवाना होंगी। उन्होंने कहा कि बसों की कमी के बावजूद यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे, ताकि असुविधा कम से कम हो। **-महेश चंद्र कमल**, एआरएम, गोला डिपो।

## गाली देने से मना करने पर युवक को पीटा


**निघासन, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के जोखीपुरवा गांव निवासी अशोक कुमार ने बताया कि उनका बेटा नितिन मौर्य साइकिल से शाम गांव की दुकान पर सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान गांव के पवन और उसकी मां रामदुलारी ने उसे रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उके बेटे ने विरोध किया, तो आरोपी मां-बेटे ने मिलकर नितिन की लात-घूंसों से पिटाई कर दी। इससे वह घायल हो गया। आरोप है कि मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी भी दी गई। परिजनों ने बताया कि आरोपियों द्वारा पहले भी कई बार मारपीट की जा चुकी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

Shri Ram Murti Smarak Goodlife Hospital — SRMS Goodlife A MULTI SPECIALITY HOSPITAL

**आवश्यक जन-सूचना**

मरीज से सम्बधित चिकित्सा रिकार्ड सामान्य डिस्चार्ज वर्ष 2022 से पहले (01-01-2021 से 31-12-2021) तक का नष्ट किया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो कृपया 15 दिनों (सूचना दिनाँक से) के अन्दर अवगत कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से- चिकित्सा अधीक्षक



## न्यूज ब्रीफ

### चीनी मिल के सामने ट्रैक्टरों से 6 बैटरी चोरी

**फूलबेहड़, अमृत विचार :** खंभार खेड़ा चीनी मिल के सामने बस्ती में खड़े 6 ट्रैक्टरों से चोर रविवार की रात बैटरी चोरी कर ले गए। वहीं पड़ोसी गांव से दिनदहाड़े बकरे चोरी होने की वारदात हुई। यह घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के गांव गंगाबेहड़ निवासी मोहम्मद इरफान के घर के बाहर खड़े ट्रैक्टरों को चोरों ने निशाना बनाया। गांव के जावेद, अब्बास, पप्पू समेत कई लोग अपने-अपने ट्रैक्टर इरफान के घर के बाहर खड़ा करते हैं। चोरों ने पांच ट्रैक्टरों से बैटरी निकाल ली। इसके बाद पड़ोसी मंजूर अली के घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर से भी बैटरी खोल ले गए। सुबह जब लोगों को घटना की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। पीड़ितों ने तत्काल पुलिस को तहरीर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका है। उधर बालूडीह गांव से शमी और गुड्डू के चार बकरे चोर उठा ले गए। हालांकि इस घटना में एक घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में दो संदिग्ध व्यक्तियों की तस्वीर कैद हुई है, जिससे पुलिस को सुराग मिलने की उम्मीद है। पुलिस दोनों घटनाओं की जांच कर रही है।

### पपीते के पौधे लगवाने के नाम पर 5 हजार ठगे

**बिझौली, अमृत विचार :** गोला कोतवाली के गांव बिझौली में एक युवक ने पपीते के पौधे लगवाने का झांसा देकर किसान से 5000 रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। पैसे मिलते ही ठग ने अपना मोबाइल बंद कर लिया और रफूचक्कर हो गया। ठगी का शिकार हुए किसान ने पुलिस से शिकायत की है। बिझौली निवासी किसान चन्द्रभाल ने बताया कि दो दिन पहले गांव में एक युवक आया था। उसने कहा कि वह कम दाम में अच्छी क्वालिटी के पपीते के पौधे लगवाता है। युवक की बातों में आकर चन्द्रभाल ने अपने खेत में पपीते के पौधे लगवाने का आग्रह किया। सौदा तय होने पर ठग ने कहा कि पौधे मंगवाने के लिए एडवांस देना होगा। उसने चन्द्रभाल से अपने मोबाइल नंबर पर 5000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। पैसे डालने के बाद युवक ने कहा कि कल पौधे लेकर आता हूं। लेकिन अगले दिन न तो युवक आया और न ही उसका फोन लगा। पैसे पड़ने के बाद से ही उसका मोबाइल स्विच ऑफ जा रहा है। ठगी का अहसास होते ही चन्द्रभाल ने गोला कोतवाली में तहरीर दी है। पीड़ित ने बताया कि भरोसा करके फोन पे से 5000 डाल दिए। अब न पौधे मिले, न वह युवक मिल रहा है, उसका फोन भी बंद है।

# जाम से आजादी के लिए रोडमैप तैयार

## विधायक ने सीडीओ और पीडब्ल्यूडी अफसरों के साथ किया शहर के मुआयना, चौड़ी सड़कों का बना खाका



बाईपास से शहर में प्रवेश का रोड मैप बनाने के लिए निकले विधायक अमन गिरि व सीडीओ अभिषेक कुमार। ● अमृत विचार



नक्शा देखते विधायक व सीडीओ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार अभियान**

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण व फोर लेन सड़क का किया ब्लूप्रिंट तैयार

**अमृत विचार:** नगर में जल्द ही संकरी गलियों और जाम के झंझट से राहत मिलेगी। कॉरिडोर निर्माण के साथ शहर को नई रफ्तार देने के लिए प्रशासन ने रोडमैप तैयार किया है। गोला शहर में बढ़ते यातायात दबाव और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गोला गोकर्णनाथ में सड़कों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण की दिशा में सीडीओ अभिषेक कुमार ने अहम पहल की है।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने विधायक अमन गिरि और पीडब्ल्यूडी अफसरों के साथ खुद सड़कों पर उतरकर गोला शहर का मुआयना किया और चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण व फोर लेन सड़क का ब्लूप्रिंट तैयार किया। निरीक्षण के दौरान विधायक और सीडीओ ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ मिलकर कई प्रमुख मार्गों के विकास का विस्तृत ब्लूप्रिंट तैयार किया। योजना के तहत वर्तमान में सात मीटर चौड़े विकास चौराहे से खुटार मार्ग को चार लेन में विकसित किया जाएगा। इसके अलावा नानक चौकी से शिवम चौराहा, मिल गेट से विकास चौराहा, विकास चौराहे से तहसील और विकास चौराहे से गोला-शाहजहांपुर मार्ग को टू लेन विद पक्के शोल्डर के साथ बनाया जाएगा, जिससे यातायात सुगम और सुरक्षित हो सके।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने रेलवे, नगर पालिका क्षेत्र में आने वाले रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन मार्ग के चौड़ीकरण व सुधार पर भी चर्चा की। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को रेलवे विभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक एनओसी प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। शहर की तंग सड़कों और बढ़ते यातायात के दबाव को देखते हुए तैयार यह प्लान आने वाले दिनों में गोला के लिए गेमचेंजर साबित हो सकता है। अफसरों ने उन प्रमुख मार्गों को चिन्हित किया, जहां चौड़ीकरण की सबसे ज्यादा जरूरत है, ताकि श्रद्धालुओं और आमजन को सुगम आवागमन मिल सके। इसी के साथ एक और बड़ी राहत की तैयारी भी की गई है।

सीडीओ, विधायक ने लखीमपुर-अलीगंज मार्ग को सीधे गोला शहर से जोड़ने के लिए नए बाईपास सड़क का भी चिन्हांकन किया है, प्रारंभिक सूचना के अनुसार यह चिन्हित बाईपास (राष्ट्रीय राजमार्ग 730 से गोला रेलवे ओवरब्रिज के पूर्व से दाहिने साइड निकट 135 राजमार्ग सीतापुर अलीगंज गोला तक) है। खास बात यह है कि गन्ना सीजन के दौरान जब सड़कों पर ट्रैक्टर-ट्रॉली और भारी वाहनों का दबाव बढ़ जाता है, तब भी यह बाईपास बड़ी राहत साबित होगा और शहर की रफ्तार थमने नहीं देगा।

# गांव लखैया में तेंदुए ने बछड़े को किया घायल

संवाददाता, बिझौली



लखैया गांव में बछड़े की गर्दन पर बने तेंदुआ के पंजों के निशान।

- पशु मालिक की सूझबूझ से बची जान, दहशत में लोग

**अमृत विचार:** महेशपुर रेंज की बिलहरी बीट के लखैया गांव में सोमवार सुबह तेंदुए ने पशुबाड़े में बंधे बछड़े पर जानलेवा हमला कर दिया। पशु मालिक की सूझबूझ और शोर मचाने से बछड़े की जान तो बच गई, लेकिन हमले के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि बार बार सूचना देने के बावजूद वन विभाग का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

लखैया गांव निवासी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 5 बजे वह बाड़े में थे। तभी झाड़ियों से निकलकर तेंदुआ सीधे बंधे हुए बछड़े पर झपट पड़ा। भूपेंद्र सिंह ने हिम्मत दिखाते हुए लाठी पटकी और जोर जोर से शोर मचाया। शोर सुनकर परिजन भी दौड़े, जिसके बाद तेंदुआ बछड़े को लहूलुहान हालत में छोड़कर गन्ने के खेत की ओर भाग गया। हमले में बछड़ा गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसकी गर्दन और पीठ पर तेंदुए के पंजों के गहरे जख्म हैं।

भूपेंद्र सिंह ने निजी स्तर पर पशु चिकित्सक बुलाकर इलाज कराया। ग्रामीणों ने बताया कि लखैया बिझौली इलाके में पिछले एक हफ्ते से बाघ/तेंदुए की चहलकदमी देखी जा रही है। इसकी सूचना वन दरोगा से लेकर रेंजर तक को कई बार दी गई, लेकिन किसी भी अधिकारी को मौके पर पहुंचने का समय नहीं मिला। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इससे पहले लखैया निवासी परविंदर सिंह की दुधारू गाय को तेंदुआ निवाला बना चुका है, जिसका मुआवजा आज तक नहीं मिला। बार बार की घटनाओं के बावजूद विभाग पिंजड़ा लगाने या गश्त बढ़ाने को तैयार नहीं है।

घटना के कई घंटे बाद केवल वाचर बलबीर और सचिन मौके पर पहुंचे। वाचर बलबीर ने बताया कि उच्चाधिकारियों को सूचना दे दी गई है और घायल बछड़े का उपचार करा दिया गया है। लेकिन रेंजर या अन्य कोई अधिकारी नहीं पहुंचा, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है।

# नियुक्ति पत्र देने के नाम पर अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं

संवाददाता, पलिया कलां

- विधायक बोले-आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों व सहायिकाएं किसी दबाव या भय में न आएं



विधायक रोमी साहनी।

**अमृत विचार:** आंगनबाड़ी सहायिकाओं की नियुक्ति के बाद कुछ लोगों द्वारा नियुक्ति पत्र देने के नाम पर अवैध धन की मांग की शिकायत मिलने पर विधायक रोमी साहनी ने ऐसी किसी वसूली को पूरी तरह अस्वीकार्य और निंदनीय बताया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पारदर्शी और निष्पक्ष शासन में हुई भर्ती प्रक्रिया को किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार से प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा।

उन्होंने क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे किसी भी दबाव या भय में न आएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि कोई व्यक्ति नियुक्ति पत्र के नाम पर धन की मांग करता है, तो उसकी शिकायत तत्काल डीएम, सीडीओ या सीधे उनसे की जाए। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। विधायक ने यह भी कहा कि यदि किसी बहन या बेटी को नियुक्ति पत्र प्राप्त करने में कोई समस्या आ रही है, तो वह तुरंत उनसे संपर्क कर सकती हैं।

# कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का विधायक ने किया आरंभ

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- बोले-व्यावहारिक ज्ञान कौशल विकास आज की महती आवश्यकता



बघमरा में मेधावी छात्रा को सम्मानित करते विधायक अमन गिरि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विधायक अमन गिरि ने अश्विनी महिला कल्याण समिति द्वारा संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का आरंभ कर मेधावियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

गांव बघमरा स्थित जयराम सिंह इंटर कॉलेज में सोमवार को मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा अश्विनी महिला कल्याण समिति के तत्वाधान मे कौशल प्रशिक्षण केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। कॉलेज के मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आयोजको को शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को कंप्यूटर, सिलाई कढ़ाई, तकनीकी एवं अन्य व्यावसायिक कौशल प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना है। यह केंद्र युवाओं के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण और प्लेसमेंट की सुविधा प्रदान करेगा।

उन्होंने जोर दिया कि केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान और कौशल आज की महती आवश्यकता है। विधायक ने बताया कि उनके प्रयास से सीजीएन पीजी कॉलेज में सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क अभ्युदय कोचिंग युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखकर चलाई जा रही है, जिसमें आईपीएस और पीसीएस अधिकारी छात्रों को सीधे मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, जिससे उन्हें बेहतर दिशा मिल रही है। रामगुलाम पांडे, कॉलेज के अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सिंह, प्रधान अभिराज सिंह, अनिरुद्ध मिश्रा, राजेश शुक्ल, पूर्व प्रधान मुन्ना, राजीव वर्मा, प्रधान विपिन यादव, रिशु मिश्रा, प्रधान जगजीत सिंह, पंकज वर्मा, रामकुमार सिंह, गौरव सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रबंधक ने प्रधानाचार्य पर लगाए गंभीर आरोप

- विद्यालय की समस्याओं से नहीं कराते अवगत
- प्रधानाचार्य ने आरोपों को बताया बेबुनियाद

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गोला में पत्रकार वार्ता करते प्रबंध समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर की सबसे प्राचीन संस्था पब्लिक इंटर कॉलेज में प्रबंधक प्रधानाचार्य के बीच चली आ रही रार अब खुलकर सामने आ गई है। प्रबंधक ने प्रधानाचार्य पर विद्यालय में व्याप्त समस्याओं की जानकारी समय से न देने का आरोप लगाया है, वहीं प्रधानाचार्य में इन सभी आरोपों को निराधार बताया।

प्रबंधक विजय कुमार माहेश्वरी ने प्रधानाचार्य बाबूराम सागर की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए तीखा हमला किया। उन्होंने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा केंद्र छिनने से लेकर विद्यालय में व्याप्त तमाम प्रकार की अवस्थाओं के लिए प्रधानाचार्य को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि विद्यालय की समस्याओं को वह उन्हें अवगत ही नहीं कराते हैं। कॉलेज में बोर्ड परीक्षा केंद्र न बनाने का पत्र प्रधानाचार्य ने ही दिया था। प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने सोमवार को पत्रकार वार्ता कर प्रिंसिपल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा कि प्रधानाचार्य प्रतिदिन जिला मुख्यालय से आवागमन करते हैं। छात्र संख्या प्रभावित हो रही है।

उन्होंने प्रधानाचार्य पर अनावश्यक पत्राचार में उलझे रहने का भी आरोप लगाया है। विद्यालय में लगा समरसेबल काफी दिनों से खराब पड़ा है, जब सहायक लिपिक संजय रावत ने इस संबंध में 25 फरवरी को उन्हें प्रार्थना पत्र दिया तो उन्होंने प्रार्थना पत्र प्रधानाचार्य से अग्रसारित कराकर मंगवाया तो प्रधनाचार्य ने समरसेबल बनवाने का प्रार्थना पत्र अग्रसारित ही नहीं किया और कहा कि अनुरक्षण निधि का खाता उनके हस्ताक्षर से संचालित नहीं होता है। विद्यालय में तमाम प्रकार की अव्यवस्थाएं हैं पर समय से प्रधानाचार्य किसी भी समस्या की जानकारी नहीं देते हैं और न ही बाबुओं का कोई लेटर फॉरवर्ड करते हैं। प्रबंधक का कहना है कि प्रबंध समिति की बैठक में प्रधानाचार्य कभी नहीं आते हैं।

पत्रकार वार्ता में अध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने कहा कि बैठक की कार्यवाही गैर सदस्य से लिखवाई जाती है और नियमानुसार 24 घंटे में मिलने वाली प्रति उन्हें कभी नहीं दी जाती। बैठक में केवल उपस्थिति के हस्ताक्षर कराए जाते हैं, कार्रवाई पर नहीं। जब वे विद्यालय हित की बात उठाते हैं तो प्रबंधक कह देते है कि आपसे कोई मतलब नहीं। ऐसे में बैठकें केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। कहा कि उनके पास किसी प्रकार का वित्तीय अधिकार नहीं है।

# कार बाइक की टक्कर में चार घायल, रेफर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गोला कोटवारा मार्ग पर रसूलपुर जंगल गांव के निकट सोमवार दोपहर बाद गोला की ओर से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने कोटवारा की ओर आ रही बाइक में सामने से टक्कर मार दी, जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए और कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। एक ही परिवार के 4 लोग बाइक पर सवार थे, जिनमें अनुपम (18) पुत्र सियाराम, आर्यन (8) पुत्र सुमित, माया (60) पत्नी रामचंद्र और रामचंद्र (62) पुत्र प्यारेलाल गंभीर घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चारों के दाहिने पैर में गंभीर चोटें आई थी। जहां से डाक्टरों ने चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चालक कार छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है।

# गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग

- पालिकाध्यक्ष और बजरंगदल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गोला में एसडीएम को ज्ञापन देते पालिकाध्यक्ष और बजरंग दल के पदाधिकारी।

**अमृत विचार:** गौ सम्मान आवाहन अभियान के तहत संगठन और भारतीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर गौ माता को राष्ट्र माता एवं राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग की।

संगठन के पदाधिकारियों ने सोमवार को एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि भारत में गौ माता को धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत पूजनीय माना जाता है, लेकिन वर्तमान समय में उनकी स्थिति चिंताजनक है। सड़कों पर छुट्टा घूमती गो माता भूख प्यास और दुर्घटनाओं का शिकार हो रही हैं, वहीं कई गौशालाओं में भी उनकी समुचित देखभाल नहीं हो पा रही है। मांग की गई कि गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा प्रदान कर उनके संरक्षण के लिए सख्त एवं प्रभावी नीतियां लागू किए जाने, गौ तस्करी पर पूर्ण रोक लगाने, गौ हत्या करने वालों पर कठोर कानून, जुर्माना, दंड का प्रावधान सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार, राहुल शुक्ला, अनिल वर्मा, पीयूष पंकज बाजपेई, दीपक मिश्रा, अनुपम बाजपेई, आशीष शुक्ला, यज्ञदत्त तिवारी, अशोक जोशी, अमित मिश्रा, अनूप गुप्ता, हिमांशु जोशी, योगेंद्र प्रजापति, सुमित गुप्ता, विकास मिश्रा, सुधीर गुप्ता, संतोष गुप्ता, सूरज सिंह, पुनीत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# महिला से गाली-गलौज पति का सिर फोड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- कोतवाली सदर क्षेत्र में मारपीट और जान से मारने की दी धमकी

**अमृत विचार:** कोतवाली सदर क्षेत्र में एक महिला के साथ गाली-गलौज और उसके पति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि पड़ोसी ने पहले महिला को अपशब्द कहे और विरोध करने पर उसके पति पर लाठी से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

सलेमपुर कोन चांदमारी रोड निवासी सिवी वर्मा अपने घर से सास के घर जा रही थीं। इसी दौरान सास के घर के पास रहने वाले आरोपी जगदीश ने उन्हें रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी और मारने के लिए दौड़ पड़ा। महिला के शोर मचाने पर उसका पति मौके पर पहुंचा और बीच-बचाव करने लगा। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने लाठी से उसके पति के सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और काफी खून बहने लगा। घायल अवस्था में परिजनों ने एम्बुलेंस की मदद से उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार कराया गया। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। मामले में महिला ने कोतवाली सदर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण की जांच एसआई धर्मेंद्र बहादुर सिंह को सौंपी गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में डीजल, पेट्रोल की सप्लाई व्यवस्था ध्वस्त

- जिला पूर्ति अधिकारी जिले में पर्याप्त सप्लाई का अलाप रहे राग
- किसान नेता अंजनी ने किसानों को डीजल न मिलने पर जताई नाराजगी

संवाददाता, बिलहरी





सूना पड़ा अंश फिलिंग स्टेशन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गोला तहसील क्षेत्र के गांव सिकंद्राबाद, जडौरा, तेन्दुआ, बघमरा, सेहरूआ सहित एक दर्जन से अधिक गांवों में लगी पंपों पर पेट्रोल व डीजल की सप्लाई न होने से किसान चिंतित हैं। किसान नेता ने कहा है कि वर्तमान समय में गन्ने की सिंचाई हेतु किसानों को डीजल की अत्यंत आवश्यकता है। जिला पूर्ति अधिकारी डीजल और पेट्रोल की कोई कमी नहीं बता रहे हैं, लेकिन किसान पेट्रोल पंपों से खाली हाथ लौट रहे हैं।

क्षेत्र के कुछ पेट्रोल पंप मालिक पंप पर डीजल और पेट्रोल उपलब्ध होने पर भी जानबूझकर बंद कर देते हैं, जिनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, जो व्यक्ति भंडारण कर रहा है, उस पर कड़ी निगरानी की जाए। किसानों की फसल सूखने न पाए, इसके लिए आवश्यक है कि आवश्यकता अनुसार किसानों को डीजल मिलता रहे। पेट्रोल पंप मालिक जानबूझकर डीजल पेट्रोल की कमी का भ्रम फैलाने का कार्य कर रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष अंजनी कुमार दीक्षित ने मांग की है कि अति शीघ्र ही डीजल पेट्रोल की सप्लाई दुरूस्त किये जाने के लिये ठोस कदम उठायें नही तो अन्दोलन के बाध्य होना पडेगा।

> डीजल, पेट्रोल की किल्लत के बारे में कोई शिकायत नहीं मिली है। अब जानकारी मिली है, अति शीघ्र ही इन पेट्रोल पंपों से स्पष्टीकरण मांगा जायेगा। -**प्रतीक्षा त्रिपाठी**, उप जिलाधिकारी गोला

> जिले में डीजल पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। यदि किसी पेट्रोल पंप की जांच के दौरान अनियमितता पाई जायेगी, तो कार्रवाई की जायेगी। -**अंजनी कुमार सिंह**, जिला पूर्ति अधिकारी खीरी।

# गो रक्षा दल ने एसडीएम को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

संवाददाता, मितौली

- गोवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए ठोस कदम उठाने की मांग तहसील परिसर में नारेबाजी

**अमृत विचार:** सोमवार को गो रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने गो रक्षा सम्मान महा अभियान के तहत मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने गोवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए गो भक्तों ने गोशालाओं की बदहाली और तस्करी पर चिंता जताई। ज्ञापन के माध्यम से मुख्य रूप से प्रत्येक विकास खंड में आधुनिक गोशालाओं के निर्माण, चारा-पानी की स्थाई व्यवस्था, तस्करी रोकने के लिए विशेष अभियान, गौ-उत्पादों (गोबर-गोमूत्र) की सरकारी खरीद और निस्वार्थ गो सेवकों को राज्य स्तर पर सम्मानित करने की मांग की गई है।

इस अवसर पर अध्यक्ष पवनेश महाराज ने कहा कि गो संरक्षण हमारी संस्कृति का हिस्सा है और इसके लिए सरकार को प्रभावी नीतियां लागू करनी चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान तहसील प्रभारी राज किशोर त्रिवेदी, अखिलेश मिश्रा, विपनेश अवस्थी, योगेश मिश्रा, बृजेश मिश्र, लखन मिश्रा, सिंधु शुक्ल, समर, सुमित सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### रहस्यमय तरीके से व्यापारी लापता



**पलिया कलां, अमृत विचार :** अजीत नगर निवासी सौरभ माहेश्वरी पुत्र अवधेश माहेश्वरी रोज की तरह सुबह करीब 7 बजे दुधवा रोड स्थित मंदिर में मत्था टेकने गए थे, लेकिन इसके बाद घर नहीं लौटे। काफी देर तक इंतजार करने के बाद परिजनों ने खुद तलाश शुरू की, रिश्तेदारों से संपर्क किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर मिलते ही पुलिस टीमों का गठन कर दिया गया है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

### शादी में गए युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**तिलहर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव गुलाम खेड़ा निवासी सनी वर्मा उर्फ राम किशन 22 की चचेरी बहन की शादी में शामिल होने के दौरान तबीयत बिगड़ने पर मौत हो गई। रविवार रात अचानक हालत खराब होने पर परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। नगरिया मोड़ चौकी प्रभारी अनुज चौधरी ने बताया कि सोमवार सुबह अस्पताल से मेमो मिलने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कोतवाली प्रभारी जुगुल किशोर पाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### गर्भवती होने पर बेटी को परिजनों ने सुपुर्दगी लेने से किया इंकार

**तिलहर, अमृत विचार :** क्षेत्र से आठ माह पहले प्रेमी के साथ गई किशोरी के गर्भवती पाए जाने के बाद परिजनों ने उसे लेने से इंकार कर दिया। पुलिस ने किशोरी को वन स्टॉप सेंटर भेज दिया है और आगे की कार्रवाई सीडब्ल्यूसी के आदेश पर की जाएगी। कोतवाली प्रभारी जुगुल किशोर पाल ने बताया कि सितंबर 2025 में किशोरी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। सर्विलांस के जरिए 10 अप्रैल को किशोरी और उसके प्रेमी को बरामद किया गया था। मेडिकल जांच में किशोरी के ढाई माह के गर्भवती होने की पुष्टि हुई है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से कार सवार महिला की मौत

## पति समेत तीन घायल, जीजा और बेटी को आईं मामूली चोटें

संवाददाता, केशवापुर

**अमृत विचारः** थाना हैदराबाद क्षेत्र की अजान चौकी क्षेत्र में ममरी कस्ता मार्ग पर शहाबुद्दीनपुर स्थित रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज के पास रविवार रात करीब नौ बजे एक ट्रैक्टर ट्रॉली और कार की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार महिला की मौत हो गई है, जबकि महिला का पति, जीजा और बेटी घायल हो गईं। घायलों में पति की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजते हुए ट्रैक्टर चालक की तलाश तेज कर दी है।

जनपद सीतापुर के थाना महोली क्षेत्र के गांव लालपुर सिकटिहा मेटनपुर निवासी सुनील कुमार (37) अपनी पत्नी गायत्री देवी (35), साढू महेश कुमार (48) और 8 वर्षीय बेटी नित्या के साथ वैगनआर कार से पत्नी के मामा की लड़की (ममेरी साली) की शादी समारोह में शामिल होने हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव ममरी जा रहे थे।



दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार



मृतका गायत्री देवी।

शहाबुद्दीनपुर के निकट जैसे ही उनकी कार रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज के पास पहुंची, तभी सामने से बरात लेकर आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली को क्रास करने के दौरान कार ट्राली से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में गायत्री देवी और सुनील कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि महेश कुमार व बच्ची नित्या को हल्की चोटें आईं। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन समेत मौके से भागने में कामयाब रहा। मौके पर मौजूद राहगीरों और ग्रामीणों ने कार में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सीएचसी गोला भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने गायत्री देवी को मृत घोषित कर दिया। सुनील कुमार की हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार कर उन्हें ओयल ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। इस हृदय विदारक घटना से शादी समारोह की खुशियां भी कोहराम में बदल गईं, परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है। अजान चौकी इंचार्ज अशोक कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में मृत गायत्री देवी के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस फरार ट्रैक्टर चालक, ट्रैक्टर ट्राली की तलाश में जुटी है।

## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में बनाए पोस्टर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में छात्राओं ने रचनात्मक और प्रेरणादायक पोस्टर, विभिन्न स्लोगन लिखकर महिला सशक्तिकरण का मजबूत संदेश देते हैं दर्शाया कि नारी अबला नहीं, सबला है।

नगर के लखीमपुर रोड स्थित सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी, मधु त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के पोस्टर, स्लोगन लिखकर नारी सशक्तिकरण, महिलाओं को कमजोर न समझकर उन्हें शक्ति का प्रतीक दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती का का प्रतीक बताते हुए नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। छात्राओं ने शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समानता पर जोर देते हुए पोस्टर बनाए। प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी ने कहा कि वेदों और भारतीय परंपरा ने भारत की नारी को पृथ्वी पर सबसे शक्तिमान माना गया है। भारत में नारी शक्ति, नीति, निष्ठा, निर्णय शक्ति और नेतृत्व का प्रतिबिम्ब है। उन्होंने बालिकाओं को सक्षम, सामर्थ्य और राष्ट्र को दिशा देने के लिए प्रेरित किया।

# खिलौनों से खेलने की उम्र में पार्थ ने मां-बाप को दी मुखाग्नि

- सांसद और समाजसेवी कौशल वर्मा समेत तमाम लोगों ने बंधाया ढांढस

संवाददाता, केशवापुर



बगहा में शोकाकुल परिवार को संत्वना देते सांसद उत्कर्ष वर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मितौली थाना क्षेत्र के भीखमपुर चौराहे पर शनिवार देर रात हुए सड़क हादसे में अपनी जान गंवाने वाले बाइक सवार दंपती के शव पोस्टमार्टम के बाद दोपहर बाद गांव पहुंचे तो घर में कोहराम मच गया, घर पर पहले से एकत्र परिजनों और रिश्तेदारों हर किसी की आंखों में आंसू थे। बेटा पार्थ और बेटी आरुषी पापा मम्मी कहकर बिलखते रहे थे। जब आठ वर्षीय बेटे पार्थ ने मां-बाप को मुखग्नि दी तो सभी की आंखों में आंसू छलक उठे।

शनिवार रात करीब एक बजे भीखमपुर चौराहे पर सड़क पार करते समय मोहम्मदी की ओर से आ रही तेज रफ्तार थार कार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी थी। बाइक समेत मृतक दंपती थार में फंस गए और करीब 100 मीटर तक सड़क पर घिसटते गए थे। घटना में सतेंद्र कुमार और सरिता देवी की मौत हो गई थी। मृतक की भाभी मैना देवी के दोनों पैर फैक्चर हो गए। पुलिस ने थार को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। बेटा-बहू की अर्थी उठने से क्षेत्र में शोक की लहर है।

गांव के बाहर अंत्येष्टि स्थल पर एक ही चिता पर दंपती का अंतिम संस्कार किया गया। जैसे ही खिलौने खेलने वाले हाथों से पार्थ ने माता-पिता को मुखाग्नि दी तो हर आंख रो पड़ी। घटना की सूचना पर खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा, ट्रामा सेंटर के डॉ. कौशल वर्मा मृतकों के घर पहुंचे और शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया। हैदराबाद थाना प्रभारी सुनील मलिक पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। ग्राम प्रधान अजीत वर्मा, समाजसेवी सुखवीर वर्मा समेत कई क्षेत्रीय प्रधान व हजारों ग्रामीणों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

### मैना देवी का गोला में ही हो रहा उपचार

इसी हादसे में गंभीर घायल मैना देवी (45) के दोनों पैर फैक्चर हो गए थे, जिन्हें गंभीर हालत में गोला के सनसाईन हास्पिटल एण्ड ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। मितौली थाना प्रभारी महेश पाठक ने बताया कि मृतक के भाई पंकज वर्मा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। कार चालक की पहचान अभी नहीं हुई है, जांच की जा रही है।

## भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता को नम आंखों से दी अंतिम विदाई

संवाददाता, रोशननगर

**अमृत विचारः** गांव जनकपुर निवासी रामसिंह यादव काफी समय से बीमार थे। रविवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। भाजपा संगठन में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन को पार्टी और क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया गया। सोमवार को अंतिम यात्रा में उन्हें भाजपा का ध्वज ओढ़ाकर अंतिम विदाई दी गई। अंतिम दर्शन के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, समर्थक और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। गोला नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष विजय माहेश्वरी, बांकेगंज मंडल अध्यक्ष रामानुज मिश्रा, महामंत्री अनिल वर्मा, ग्रंट नंबर 18 के समिति के अध्यक्ष प्रदीप दीक्षित, सचेंद्र अग्निहोत्री, प्रेमचन्द वर्मा, सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



जनकपुर में पार्टी का झंडा ओढ़ाकर अंतिम विदाई देते पार्टी पदाधिकारी।

## महिला से गाली गलौज, पति का सिर फोड़ा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** कोतवाली सदर क्षेत्र सलेमपुर कोन चांदमारी रोड निवासी सिवी वर्मा अपने घर से सास के घर जा रही थीं। इस दौरान सास के घर के पास रहने वाले आरोपी जगदीश ने उन्हें रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी और मारने के लिए दौड़ पड़ा। शोर मचाने पर उसका पति पहुंचा और बीच-बचाव करने लगा। तभी आरोपी ने लाठी मारकर पति का सिर फोड़ दिया। परिजनों ने एम्बुलेंस से उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार कराया गया। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। महिला ने कोतवाली सदर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की है।

# ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

- कलर बेल्ट टेस्ट का हुआ आयोजन, स्टांस से बोर्ड ब्रेकिंग तक प्रदर्शन
- रामलीला मैदान में बोर्ड ब्रेकिंग जैसी विधाओं में खिलाड़ियों का आकलन किया गया

संवाददाता, पलिया कलां



कलर बेल्ट टेस्ट देते ताइक्वांडो खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** नगर के रामलीला मैदान में पलिया ताइक्वांडो एकेडमी ने ताइक्वांडो खिलाड़ियों के कलर बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों ने विभिन्न तकनीकी कौशल का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

टेस्ट के दौरान चीफ कोच प्रदीप कुमार और पलिया कोच अरुण तिवारी ने खिलाड़ियों की परीक्षा ली। इसमें स्टांस, फंडामेंटल, किकिंग, पूम्से, अटैक-डिफेंस और बोर्ड ब्रेकिंग जैसी विधाओं में खिलाड़ियों का आकलन किया गया।

प्रतिभागियों ने पूरे आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। कार्यक्रम में ब्लैक बेल्ट खिलाड़ी विष्णु कान्त, कुशाग्र प्रजापति, समीर शर्मा, कृष्णा वर्मा और चंदन कुमार सहित अन्य खिलाड़ियों ने सहयोग देकर आयोजन को सफल बनाया। इस दौरान बड़ी संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे और अपने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कोच अरुण तिवारी ने बताया कि टेस्ट के दौरान खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं।

# लूट करने वाले दो अपराधी भेजे गए जेल

- चलती बाइक को लात मार दंपती को गिराया था
- महिला से बिछुआ लूटकर भाग रहे थे बदमाश

संवाददाता, सिंगाही



पुलिक गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** सिंगाही-निघासन नेशनल हाईवे पर थाना सिंगाही क्षेत्र में फिल्मी अंदाज में लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरफ्तार दो आरोपियों का पुलिस ने सोमवार को चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने दोनों को जेल भेज दिया।

बता दें कि कोतवाली तिकुनिया के कुशाही बाजार (बेलरायां) निवासी राजू रविवार को अपनी पत्नी शिव लोचनी के साथ अदलाबाद में अपनी छोटी बहन की शादी में शामिल होने जा रहे थे। सिंगाही-निघासन रोड पर मोटे बाबा पुल के करीब पीछे से तेज रफ्तार में आए दो बाइक सवार बदमाशों ने अचानक लात मार कर उनकी बाइक गिरा दी और नवविवाहिता शिव लोचनी के कमर में बंधा चांदी का बिछुआ झपट कर फरार हो गए। घटना की सूचना पर सक्रिय हुई सिंगाही पुलिस ने भाग रहे बदमाशों विक्रम और गोपी निवासी प्रीतम पुरवा थाना निघासन को बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से लूटा गया चांदी का कमर बिछुआ भी बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार चौबे ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपी सगे भाई हैं।

पुलिस ने सोमवार को दोनों आरोपियों का चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने दोनों को जेल भेज दिया है।

## पारिवारिक तनाव में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता, संसारपुर

**अमृत विचारः** मैलानी थाना क्षेत्र में पारिवारिक तनाव से जुड़ा एक दुखद मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची मैलानी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



मृतक राजीव कुमार।

मिली जानकारी के अनुसार थाना मैलानी क्षेत्र की ग्राम पंचायत संसारपुर के गांव बोझिया निवासी राजीव कुमार (40) पुत्र इतवारी ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर जीवन में समाप्त कर लिया। बताया जा रहा है कि उसकी पत्नी पिछले करीब तीन वर्षों से मायके में रह रही थी, जिससे वह लंबे समय से मानसिक तनाव में चल रह था। घटना का पता उस समय चला जब परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो राजीव का शव फंदे से लटका मिला। यह दृश्य देखकर परिवार में कोहराम मच गया और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मृतक के बड़े भाई धर्मेन्द्र ने थाना मैलानी में तहरीर देकर बताया कि पत्नी के अलग रहने के कारण राजीव काफी परेशान रहता था और इसी तनाव के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। संसारपुर चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। चौकी प्रभारी संसारपुर ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

# शैक्षणिक विवरण में संशोधन का मिला मौका

कार्यालय, संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के रिजल्ट के बाद विद्यार्थियों के लिए आई राहत भरी खबर

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के परिणाम घोषित होने के बाद अब छात्र-छात्राओं के लिए आई राहत भरी खबर सामने आई है। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शैक्षणिक विवरण में त्रुटियों को सुधारने का अंतिम अवसर प्रदान किया है। इसके तहत जिले के हजारों विद्यार्थी अपने अंकपत्र और प्रमाण पत्र में दर्ज गलतियों को ठीक करा सकेंगे। परिषद द्वारा जारी निर्देशों के बाद जिला स्तर पर भी विद्यालयों को इस प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

अक्सर परिणाम घोषित होने के बाद नाम, माता-पिता के नाम की वर्तनी, जन्मतिथि या फोटो जैसी जानकारियों में त्रुटियां सामने आती हैं, जिससे आगे की पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं में परेशानी होती है। ऐसे में यह मौका विद्यार्थियों के लिए बेहद अहम माना जा रहा है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, यह संशोधन प्रक्रिया 27 अप्रैल से शुरू होकर 6 मई तक चलेगी। इस दौरान सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन कर निर्धारित प्रारूप डाउनलोड करेंगे और उसमें आवश्यक संशोधन विवरण भरेंगे। इसके बाद संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन कर जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) से अनुमोदन लेना अनिवार्य होगा।

जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने सभी स्कूलों को निर्देशित किया है कि वे छात्रों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर लें और समय सीमा के भीतर आवेदन अपलोड कराएं। साथ ही छात्रों और अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने अंकपत्रों की जांच कर लें और यदि कोई त्रुटि हो तो तुरंत अपने विद्यालय से संपर्क करें। परिषद ने स्पष्ट किया है कि यह अंतिम अवसर है।

यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर किसी विद्यालय द्वारा आवेदन नहीं किया जाता है और बाद में त्रुटि सुधार की मांग की जाती है, तो संबंधित विद्यालय के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

ऐसे में विद्यालय प्रशासन भी इस प्रक्रिया को लेकर सतर्क हो गए हैं। इस व्यवस्था से जिले के हजारों छात्र-छात्राओं को राहत मिलने की उम्मीद है, जिससे वे भविष्य में होने वाली परेशानियों से बच सकेंगे।

**ट्रैफिक सिस्टम ध्वस्त :** अभिभावकों के साथ छुट्टी में घर जा रहे स्कूली बच्चे बेहाल, सिस्टम फेल या लापरवाही, जिम्मेदार नदारद

# कृष्णा टॉकीज रेलवे क्रॉसिंग पर करीब डेढ़ घंटे लगा भीषण जाम



जाम में आड़े-तिरछे फंसे वाहन।



जाम में फंसे रिक्शे पर सवार होकर स्कूल से घर जा रहे छोटे-छोटे बच्चे।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था की हकीकत सोमवार को उस वक्त खुलकर सामने आ गई, जब कृष्णा टॉकीज रेलवे क्रॉसिंग पर करीब डेढ़ घंटे तक भीषण जाम लगा रहा। हैरानी की बात यह रही कि रेलवे फाटक खुला होने के बावजूद वाहन रेंगते रहे और देखते ही देखते दोनों ओर लंबी कतारें लग गईं। सोमवार को बाजार बंदी के बाद भी जाम की परेशानी झेलनी पड़ी। स्कूली बच्चे भी जाम में फंस रहे। इसके बाद भी ट्रैफिक पुलिस नदारद रही।

नतीजतन शहर में जाम पहले की तरह ही फिर आम हो गई है। सोमवार दोपहर की चिलचिलाती धूप और तेज तापमान के बीच शहर के बीचों बीच कृष्णा टॉकीज रेलवे क्रासिंग के पास भीषण जाम लग गया। दोनों तरफ से वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम में फंसे लोग बेहाल नजर आए। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ी, जो बसों, ई-रिक्शा और अपने अभिभावकों के साथ रिक्शा में पसीने से तरबतर बैठे रहे।

कई बच्चे गर्मी से बिलबिला उठे, लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इस दौरान ट्रैफिक पुलिस कहां थी? मौके पर न तो कोई सिपाही नजर आया और न ही ट्रैफिक विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में प्रभारी यातायात तो फील्ड में सक्रिय नहीं दिखते हैं। आरोप तो यहां तक हैं कि वे गाड़ी में बैठकर सिर्फ औपचारिकता निभा लेते हैं, जबकि जमीनी हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। रेलवे क्रॉसिंग जैसे संवेदनशील स्थान पर भी ट्रैफिक व्यवस्था का कोई ठोस इंतजाम नहीं दिखा। पूरा सिस्टम पीआरडी और होमगार्ड के भरोसे छोड़ दिया गया है, जो इतने बड़े ट्रैफिक दबाव को संभालने में असमर्थ नजर आते हैं।

जाम की असली वजहों पर नजर डालें तो शहर में जगह-जगह चल रहे अवैध टैक्सी स्टैंड और सड़क पर खड़ी प्राइवेट बसें इस समस्या को और विकराल बना रही हैं। बस चालक बीच सड़क पर ही वाहन खड़ा कर सवारियां भरते हैं और फिर आराम से निकल जाते हैं, जबकि पीछे लंबा जाम लग जाता है। सवाल यह भी उठ रहा है कि आखिर किसके संरक्षण में ये अवैध टैक्सी स्टैंड फल-फूल रहे हैं। राहगीरों का कहना है कि शहर में ट्रैफिक नियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती है। न तो कहीं चेकिंग दिखती है और न ही जाम खुलवाने की कोई ठोस रणनीति। शहरवासियों में प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया।

### नियमों की उड़ाईं धज्जियां, कार्रवाई सिर्फ दिखावा

शहर में ट्रैफिक नियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। नो पार्किंग में वाहन खड़े रहते हैं, गलत दिशा में गाड़ियां दौड़ रही हैं, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनदेखी आम है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। न नियमित चेकिंग, न सख्ती, नतीजा, शहर जाम की गिरफ्त में आ जाता है। इस पूरी अव्यवस्था को लेकर शहरवासियों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो हालात और बदतर होंगे। स्कूल, अस्पताल और बाजार हर जगह जाम रोजमर्रा की समस्या बन चुका है।

> सूचना पर ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची थी, जाम खुलवा कर यातायात सामान्य करा दिया गया है। अब कोई समस्या नहीं है।
>
> –सचिन गंगवार, टीएसआई

## मासूम से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**बेहजम, अमृत विचारः** थाना नीमगांव क्षेत्र में बच्ची के परिजनों ने बताया कि वह किराये के मकान में रहते हैं। उसकी पुत्री रविवार देर शाम घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान पड़ोसी धीर सिंह (50) उसे चॉकलेट दिलाने के बहाने अपने घर ले गया और दुष्कर्म किया। बच्ची चिल्लाने लगी तो आरोपी उसे छोड़कर भाग निकला। किसी तरह बच्ची घर पहुंची और परिजनों को बताया। एसओ नीमगांव प्रवीर गौतम, बेहजम चौकी प्रभारी संदीप यादव मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पिता की तहरीर पर नामजद आरोपी धीर सिंह के खिलाफ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज की और उसे देर रात गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को चालान कर पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने उसे जेल भेज दिया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

### सूचना

यह कि कुछ दिन पहले मोटर साइकिल से बरेली जाते वक्त फरीदपुर टोल टैक्स से पहले कैरी बैग में रखा हुआ मूल बैनामा कहीं गिर गया, जो कि श्रीमती अंजना अग्रवाल पत्नी स्व. अशोक कुमार अग्रवाल ने चंचल अग्रवाल से क्रय किया था जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 21.01.2006 को बही सं.1 जिल्द सं. 1123 पेज 19-30 क्र.स. 355 पर सब रजिस्ट्रार कार्यालय फरीदपुर में रजिस्ट्रीकृत हुआ था। उक्त बैनामा मेरी प्रॉपर्टी का चेन पार्ट है किसी को मिले तुरंत सूचित करने का कष्ट करें। यदि कोई व्यक्ति इसका दुरुपयोग करता है तो बैनामा शून्य समझा जायेगा। **शराफत हुसैन पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासी मंझले मार्केट बीसलपुर मार्ग, नियर सैफी जनरल स्टोर कस्बा व थाना फरीदपुर जिला बरेली। मो.नं. 9719974731**

**वैधानिक सूचना :–** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

